हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025
नगर संस्करण
वर्षः 01,अंक:280
RNI No. : JHAHIN - 01092
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर से प्रकाशित
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

सफलता पहले से की गयी तयारी पर निर्भर है, और बिना ऐसी तयारी के असफलता निश्चित है ।

## दिल्ली में अब 'रेखाराज' का आगाज

**● 6 मंत्रियों संग ली शपथ,पीएम सहित 50 हजार लोग रहे मौजूद ● शपथ के 4 घंटे बाद विभागों का बंटवारा**



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** मैं रेखा गुप्ता.... दिल्ली की ऐतिहासिक रामलीला मैदान में इन तीन शब्दों के गूंजते ही राजधानी में रेखाराज का आगाज हो गया है। 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी भाजपा की ओर से शालीमार बाग की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। रेखा गुप्ता के साथ उनके 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। रेखा गुप्ता के बाद अरविंद केजरीवाल को परास्त करने वाले प्रवेश वर्मा ने शपथ ली। रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा के अलावा मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह को एलजी वीके सक्सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत करीब 50 हजार लोगों की मौजूदगी में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिस रामलाली मैदान से कभी अरविंद केजरीवाल का उभार हुआ था वहीं भाजपा की नई सरकार ने आकार लिया है। शपथ ग्रहण के बाद अब रेखा गुप्ता के सामने उन वादों को पूरा करने की चुनौती है, जिन पर भरोसा करके दिल्ली की जनता ने 48 सीटों पर कमल खिलाया है। रेखा गुप्ता के सामने 4 मुश्किलें भी हैं, जिसकी वजह से कहा जा रहा है कि उन्हें शपथ के बाद अग्निपथ पर चलना होगा। जिस समय रेखा गुप्ता ने सरकार की कमान संभाली है दिल्ली टूटी सड़कों, बजबजाती सीवर लाइनों और अधिकतर घरों में गंदे पानी की आपूर्ति से राजधानी के करोड़ों लोग परेशान हैं। लोग इन तीन समस्याओं को जल्द दूर होते देखना चाहते हैं। भाजपा सरकार इस वादे के साथ सत्ता में आई है कि आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान दी जा रही मुफ्त सुविधाओं को जारी रखा जाएगा। रेखा गुप्ता को एक तरफ जहां मुफ्त बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को जारी रखना है तो दूसरी तरफ महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को मासिक 2500 रुपए भी देने हैं। भाजपा सरकार को तीन साल के भीतर यमुना को साफ करके दिखाना है। भाजपा ने यमुना के प्रदूषण को चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बनाया था। पार्टी ने संकल्प पत्र में वादा किया है कि यमुना को साफ किया जाएगा और तीन साल के भीतर रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा। यमुना की मौजूदा हालत को देखते हुए यह काम आसान नहीं होने वाला है। रेखा गुप्ता सरकार को जहां एक तरफ कई बड़े वादों को पूरा करना है तो उनके सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि दिल्ली सरकार के खजाने की हालत बहुत अच्छी नहीं है। दिल्ली सरकार का बजट लंबे समय से सरप्लस में रहा है, लेकिन अब यह घाटे में जाने की कगार पर है।

### दिल्ली के इतिहास में पहली बार पूरी कैबिनेट ने की पूजा-अर्चना, सीएम रेखा गुप्ता संग की यमुना आरती



इस दौरान वासुदेव घाट को पूरी तरह से सजाया गया था। फल-फूल, मिठाई, दीये, थाली व अन्य पूजा सामग्री रखी गई थी। इसके अलावा घाट को दीपावली की तरह रोशनी से सजाया गया था। इसके अलावा कुर्सियां व पार्किंग व्यवस्था सहित सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। जैसे ही मुख्यमंत्री आरती में शामिल होने के लिए पहुंचीं तो लोग नारे लगाने लगे। इस दौरान सीएम ने यमुना को निर्मल और अविरल बनाने के लिए सभी प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों से किए गए इस वादे के प्रति उनकी सरकार समर्पित रहेगी।

**लोगों ने ली सेल्फी**

पूजा से पहले प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंद्र इंद्राज वासुदेव घाट पर पहुंचे। जैसे ही आम लोगों की नजर उन पर गई, सभी उनके पास गए और सेल्फी खींचने लगे। इस पर मंत्रियों की ओर से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। मंत्री वीडियो व फोटो के लिए हाथ हिलाते, जोड़ते और मुस्कुराते दिखाई दिए। उधर, यमुना पुल से भी भाजपा समर्थक नारे लगाते नजर आए। थोड़ी देर बाद कुछ समर्थक नाव से भी नेताओं के अभिवादन के लिए नारे लगाते हुए पहुंचे।

## जिला कांग्रेस ने महामंत्री अशोक सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के महामंत्री अशोक सिंह निवासी बागबेड़ा के अकष्मिक निधन हो जाने पर कांग्रेसजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। महामंत्री अशोक सिंह का पार्थिव शरीर जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर पहुँचा। जहाँ जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागणों ने अशोक सिंह के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस पार्टी का झण्डा, पुष्पचक्र प्रदान कर सम्मान दिया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेस नेतागणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि अशोक सिंह के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूर्णिय क्षति हुई है। इन्होनें जीवनपर्यन्त कांग्रेस पार्टी का सेवा किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के एनएसयूआई, युवा कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के महामंत्री के रूप में संगठन का सेवा किये। जिनके कार्यो को कभी भी नही भुलाया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव सामंता कुमार, राकेश कुमार तिवारी, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय यादव, संजय सिंह आजाद, ज्योति मिश्र, रमन खॉ, भरत सिंह, अमर कुमार मिश्र, राजा ओझा, आशीष ठाकुर, अनिल सिंह, , रंजीत झा, रंजीत सिंह, महेंद्र सिंह, पद्मिनी हॉसदा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### हमारी पार्टी को खत्म करने के लिए किया जा रहा है हमारे ही लोगों का इस्तेमाल, उद्धव ठाकरे का दावा

**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी और मराठी मानुष को खत्म करने के लिए उनके लोगों का इस्तेमाल किया जा रहा है। बांद्रा में अपने घर मातोश्री के बाहर समर्थकों को संबोधित हुए ठाकरे ने माना कि पार्टी के कुछ फैसलों से लोग नाराज हो सकते हैं।

**पार्टी छोड़ने वाले पदाधिकारियों को देंगे झटका:**महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि विधानसभा में जो भी गलतियां हुई थीं, वो अब दोहराई नहीं जाएंगी। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के कई पदाधिकारियों के पार्टी छोड़ने का जिक्र करते हुए कहा कि यह उन्हें झटका दे गया है। ठाकरे ने कहा, जब समय आएगा तो हम उन्हें इतना बड़ा झटका देंगे कि वे नजर नहीं आएंगे।

### सरकार ने चीन और हांगकांग के 119 एप ब्लॉक किए; अधिकांश वीडियो और वॉइस चैट प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 119 एप को गूगल प्ले स्टोर पर ब्लॉक करने का आदेश जारी किया है, जिनमें से अधिकतर वीडियो और वॉइस चैट प्लेटफॉर्म हैं। हालांकि, अब तक केवल 15 एप हटाए गए हैं, जबकि बाकी अब भी डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं।

**119 एप में से अधिकांश चीन और हांगकांग की कंपनियों से जुड़े :**गूगल की ओर से हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के लूमन डाटाबेस पर जारी डाटा के अनुसार, इन 119 एप में से अधिकांश चीन और हांगकांग की कंपनियों से जुड़े हैं। इनमें से कुछ एप सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया से भी जुड़े हैं। गौरतलब है कि लूमन डाटाबेस सरकारों और अन्य संस्थाओं की ओर से हटाने की सूची में रखे गए एप एवं अन्य कंटेंट की निगरानी करता है।

**चला कानून का डंडा-सरकार के पास ऑनलाइन कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार :**माना जा रहा है कि यह आदेश सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत जारी किए गए हैं। इस धारा के तहत केंद्र को राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता या सार्वजनिक व्यवस्था के हित में ऑनलाइन कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है।

### लाल मिर्च की कीमतों में गिरावट से किसान बेहाल, सीएम नायडू ने केंद्र से की मदद की अपील

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को राज्य के लाल मिर्च किसानों की मदद के लिए केंद्र से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने केंद्र से मांग की है कि वह लाल मिर्च के किसानों की मदद के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत सहायता प्रदान करे। उन्होंने यह मांग केंद्रीय कृषि मंत्री शिराज सिंह चौहान से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की।

**आंध्र में लाल मिर्च का गिरता मुल्य :**केंद्रीय मंत्री शिराज सिंह से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश में इस समय लाल मिर्च का बाजार मूल्य काफी गिर गया है। उन्होंने कहा कि पिछले सामान्य वर्ष की तुलना में इस बार कीमतें 10 प्रतिशत से भी ज्यादा कम हो गई हैं, जो कि बहुत ही बड़ी समस्या है। किसानों की बढ़ती समस्या को देखते हुए नायडू ने केंद्रीय मंत्री से यह आग्रह किया कि केंद्र सरकार इस गिरावट के कारण किसानों को होने वाली आर्थिक परेशानी को दूर करने के लिए एमआईएस योजना के तहत मदद प्रदान करे।

बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री शिराज सिंह चौहान ने नायडू को आश्वासन दिया कि उनका मंत्रालय इस मुद्दे को गंभीरता से देखेगा और जल्द ही आंध्र प्रदेश के लाल मिर्च किसानों के लिए उचित समाधान निकालेगा।

**हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटें....**

## शाह ने पूर्वोत्तर के उग्रवादियों से की आत्मसमर्पण की अपील

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के उग्रवादियों से अपील कि वे अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में उनके योगदान का स्वागत किया जाएगा। शाह असम राइफल्स की ओर से आयोजित एकता उत्सव-एक आवाज, एक देश कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि पूर्वोत्तर शांति और विकास चाहता है और भारत के आंतरिक हिस्से के रूप में काम करना चाहता है।



**हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटें**

गृह मंत्री ने कहा, मैं उन सभी उग्रवादियों से अपील करता हूं, जिन्होंने अब तक आत्मसमर्पण नहीं किया है कि वे अपने हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। भारत की विकास यात्रा में आपकी भागदारी का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों पूर्वोत्तर में हिंसा में 70 फीसदी कमी आई है, सुरक्षा बलों में मौते 70 फीसदी कम हुई हैं और नागरिकों की मौत में 85 फीसदी की कमी आई है।

**पीएम ने पूर्वोत्तर की पहचान को दिया नया आयाम**

शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर की पहचान को नया आयाम देते हुए इसे अष्टलक्ष्मी नाम दिया है, जो आठ राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सम्मिलित रूप है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर के युवाओं के लिए अनगिनत अवसरों के रास्ते खोलने के लिए आर्थिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में काम किया है।

**कार्यक्रम में 212 टीमों और 1500 छात्रों ने लिया भाग :**गृह मंत्री ने कहा, असम राइफल्स की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 212 टीमों और 1,500 छात्रों ने भाग लिया। मैं मणिपुर को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि वहां के छात्रों को सबसे ज्यादा पुरस्कार मिले। इसी वजह से प्रधानमंत्री मोदी ने फैसला लिया है कि देश का पहला खेल विश्विद्यालय मणिपुर में बनेगा।

## 10वीं बोर्ड का साइंस-हिंदी का पेपर लीक

**JAC ने रद्द किया एग्जाम, छात्र बोले-दो दिन से वायरल हो रहा था प्रशन पत्र**



**रांची,एजेंसी।** झारखंड बोर्ड ने गुरुवार को होने वाले साइंस और हिंदी की परीक्षा कैंसिल कर दिया है। बोर्ड ने ये फैसला साइंस और हिंदी के पेपर लीक के बाद लिया है। दरअसल, दसवीं कक्षा के साइंस का पेपर गुरुवार को लीक हो गया है। इससे पहले मंगलवार को हिंदी का पेपर भी परीक्षा से एक दिन पहले ही लीक हो गया था।वहीं, एग्जाम से बाहर आए छात्रों ने कहा, पिछले दो दिनों से साइंस के पेपर वायरल हो रहे थे। आज एग्जाम के दौरान सारे सवाल उससे मैच कर गए। मामला सामने आने के बाद झारखंड एकेडमी काउंसिल (JAC) ने बैठक बुलाई। JAC ने साइंस और हिंदी की परीक्षा रद्द कर दी। छात्रों के मुताबिक, परीक्षा के दो दिन पहले ही साइंस और हिंदी का पेपर राज्यभर में वॉट्सऐप पर वायरल हो रहा था। 18 फरवरी को हिंदी और 20 फरवरी को साइंस की एग्जाम के दौरान वायरल पेपर के सारे प्रश्न एक जैसे ही थे। छात्रों का आरोप है कि पेपर 350 रुपए में बेचे गए हैं।

**गिरिडीह और कोडरमा में पहले वायरल हुआ था पेपर :**सबसे पहले गिरिडीह और कोडरमा में यह प्रश्न पत्र वायरल होने की सूचना आई। एक वॉट्सऐप ग्रुप में क्यूआर कोड डाला गया और मैसेज भेजा गया कि मैट्रिक और इंटरमीडिएट की आयोजित परीक्षा के प्रश्नपत्र चाहिए तो इसके लिए 350 रुपए डालना होगा। मैसेज में 20 फरवरी को होने वाली साइंस की परीक्षा का प्रश्नपत्र देने का दावा किया जा रहा था।

### महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी मिली है। एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मुंबई पुलिस को मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। गोरेगांव पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति से धमकी भरा ईमेल मिला है। पुलिस फिलहाल इस अज्ञात व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश कर रही है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि एकनाथ शिंदे इस समय दिल्ली गए हुए हैं। धमकी भरा ईमेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन और मंत्रालय को प्राप्त हुए हैं। इसलिए सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल इस मामले की जांच कर रही हैं। ईमेल में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस समय यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने शरारत की होगी। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से जांच शुरू कर दी है। चूंकि यह ई-मेल उपमुख्यमंत्री से संबंधित है, इसलिए पुलिस इसकी तलाश में जुट गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह ई-मेल कहां से आया और इसे किसने भेजा।

## मायावती साथ आतीं तो भाजपा नहीं जीतती चुनावःराहुल गांधी

**राहुल ने पूछा, मायावती ठीक से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहीं**



**रायबरेली ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में राहुल गांधी ने मायावती की राजनीति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर मायावती उनके साथ आतीं, तो बीजेपी हार जाती। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि मायावती ठीक से चुनाव क्यों नहीं लड़ कही हैं। बता दें कि यह पहली बार है जब किसी बड़े कांग्रेसी नेता ने खुलकर मायावती को दिए गए प्रस्ताव का खुलासा किया है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़े थे और अच्छी जीत हासिल की थी। राहुल गांधी रायबरेली में जनता से रूबरू हो रहे थे। तभी एक दलित युवक ने बसपा संस्थापक कांशीराम और मायावती द्वारा दलितों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का जिक्र किया। युवक ने कहा, कांशीराम ने दलितों के लिए काम किया, जिसके बाद मायावती के द्वारा उनके काम को बढ़ाया गया जो दलितों के लिए काम कर रही हैं। इस पर राहुल गांधी ने मायावती के इंडिया गठबंधन में शामिल न होने पर सवाल उठाया। राहुल गांधी ने कहा, ÷मायावती ठीक से चुनाव क्यों नहीं लड़ रही हैं? हमने उनसे साथ में आने को कहा था लेकिन वह नहीं आईं। अगर तीनों साथ में आते तो बीजेपी हार जाती। राहुल गांधी के इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। पहले सपा नेता मायावती के गठबंधन में शामिल होने के खिलाफ थे। अब राहुल गांधी के इस खुलासे के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। क्या वाकई में मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल होने का न्योता दिया गया था? अगर दिया गया था, तो उन्होंने क्यों इनकार कर दिया? क्या भविष्य में बसपा, सपा और कांग्रेस एक साथ आ सकते हैं। बता दें कि विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे। लखनऊ से सड़क मार्ग से यात्रा करते हुए गांधी सबसे पहले चुरुवा सीमा पर हनुमान मंदिर गए, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी ने उनका स्वागत किया। मंदिर में कुछ समय बिताने के बाद वे बछरावां की ओर रवाना हो गए। बछरावां में गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया, जहां विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर अपनी पकड़ बनाए रखने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि भाजपा सरकार वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है। उन्होंने आरोप लगाया, ÷महंगाई काफी बढ़ गई है और भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है।÷ पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद गांधी रायबरेली की ओर रवाना हो गए। इस बीच, कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया, जैसा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने दावा किया है।



# रानीश्वर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जनवितरण प्रणाली दुकान का किया औचक निरीक्षण



**रानीश्वर** । उपयुक्त दुमका के निर्देश अनुसार आज दिनांक 20 2..2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी रामेश्वर राजेश कुमार सिंह के द्वारा रानीश्वर प्रखंड अंतर्गत शादीपुर पंचायत के जयपहाड़ी गांव में श्री गोविंद हांसदा का जन वितरण प्रणाली दुकान लाइसेंस नंबर 5 7/ 199 8 का औचक निरीक्षण किया गया ।जन वितरण प्रणाली दुकान बंद था। परंतु उसके नजदीक एक घर के बाहर जन वितरण प्रणाली दुकान ई0पोस मशीन और इलेक्ट्रॉनिक तराजू का संचालन गांव का ही एक व्यक्ति बाबूलाल हेंब्रम के द्वारा किया जा रहा था कोई महिला एवं पुरुष कार्डधारी ,अपने राशन कार्ड के साथ वहां खड़े थे और इलेक्ट्रॉनिक तराजू पर अनाज के बदले बांटखाड़ा और पत्थर रखकर कार्डधारीओ का फिंगरप्रिंट ई0पोस मशीन पर किया जा रहा था?। इस संबंध में पुछताछ करने पर बाबूलाल हेंब्रम द्वारा बताया गया ,की जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनाज लेने प्रखंड स्थित गोदाम गया है। और सभी कार्ड धारी का इसी प्रकार से फिंगर प्रिंट लेने के लिए कहा गया है ।जब प्रखंड स्थित गोदाम के प्रभारी से संपर्क किया गया तो प्रभारी के द्वारा बताया गया की मां फरवरी 2025 का अनाज 45.70 क्विंटल चावल और 19.20 क्विंटल गेहूं बिगड़ महीना 22 तारीख को अर्थात एक महीना पूर्व ही विक्रेता को उपलब्ध करा दिया गया है। वहां उपस्थित सभी कार्डधारीयो के द्वारा बताया गया की अभितक फ़रवरी माह 2025 का अनाज विक्रेता द्वारा नहीं दिया गया है। स्पष्ट है कि गोदाम से अनाज प्राप्त करने के एक महीना के बाद भी कार्डधारीओ को अनाज उपलब्ध नहीं कराया गया है।जन वितरण प्रणाली विक्रेता गोविंद हांसदा से मोबाइल से सम्पर्क किया गया परन्तु उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। तीन घंटे तक दुकान पर विक्रेता गोविंद हांसदा का इंतजार किया गया परन्तु वह नहीं आयें। स्पष्ट है कि विभागीय निर्देश का उल्लंघन कर वितरण कार्य में अनियमितता किया जा रहा है इसके लिए स्पष्टीकरण किया गया है ज़बाब प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेत्तर कारवाई किया जायेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के प्रयास से नाला विधानसभा के लोगों को मिला ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का सौगात

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जामताड़ा।** श्रम नियोजन , प्रशिक्षण एंव कौशल विभाग रांची के निदेशक आदेशानुसार नाला विधानसभा क्षेत्र में एक नया ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए जमीन चिह्नित कर 24 घंटों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उसी के आलोक में अंचलाधिकारी कय्यूम अंसारी के आदेशानुसार अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन विधानसभा क्षेत्र के मोहजोड़ी स्थित खामार मोड़ के समीप स्थित सरकारी पतित जमीन को चिन्हित किया। मौके पर ग्रामीण भी उपस्थित थे। ग्रामीणों से सलाह मशविरा कर कुल पांच एकड़ जमीन ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) के लिए चिन्हित किया गया। इसके लिए स्वपन कुमार महतो, ध्रुव लाल महतो, मुरूलीधर महतो, गुरुपद महतो,अंजन कुमार यादव, भजहरि महतो, बासुदेव महतो आदि ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष को बधाई दी। कहा कि उनके अथक प्रयास से सुदुर ग्रामीण क्षेत्र में इस ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण हो जाने से साधारण परिवार ग्रामीण शिक्षित युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने दुरभाष पर कहा कि इस बार की कार्यकाल का यह महत्वपूर्ण कार्य है। तकनीकी शिक्षा के अभाव में यहां युवाओं को रोजगार मिलने में काफी कठिनाई होती है। इसलिए बहुत दिनों से मेरा प्रयास था कि विधानसभा क्षेत्र में एक ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की निहायत जरूरी है। जो आज पुरा होते दिख रहा है। शीघ्र ही भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले समय में इसे पोलीटेक्निक में विस्तारित किया जाएगा। कहा कि शिक्षा क्षेत्र में नाला विधानसभा क्षेत्र में और कई महत्वपूर्ण योजना मेरे मन में है ताकि यहां के छात्र-छात्रा घर का खाना खाकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके। बताया कि उसी के बगल में केन्द्रीय विद्यालय के लिए भी जमीन चिह्नित कर भेजा गया है । केवल सरकार का आदेश का प्रतिक्षा है। इस अवसर पर अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी श्याम सुंदर बेसरा, विश्वनाथ मंडल , अंचल अमीन प्रवीर राउत के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय राजमार्गों पर सख्ती: सभी अवैध कट होंगे बंद, रॉन्ग साइड चालकों पर होगी कार्रवाई

**राष्ट्र संवाद , ओम प्रकाश शर्मा, धनबाद ।** धनबाद जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और 8 लेन सड़कों पर बने अवैध कट जल्द बंद किए जाएंगे। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रॉन्ग साइड से चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। यह निर्णय बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने निर्देश दिया कि अवैध कटों को शीघ्र बंद किया जाए, क्योंकि सड़क सुविधा से अधिक नागरिकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अवैध कटों के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा, झरिया में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए वन-वे ट्रैफिक लागू करने, कतरास मोड़ से सिंह नगर, हनुमान गढ़ी, इंदिरा चौक, फुसबंगला मोड़ और दुखहरणी मंदिर के पास चेतावनी साइन बोर्ड व स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्णय लिया गया। गोविंदपुर और निरसा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए ।बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार सिंह, एनएचएआई के नीरज कुमार, आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मुखिया एवं जल सहिया को चापाकल एवं पानी टंकी के बारे में सर्वे कर प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश



**राष्ट्र संवाद संवाददाता,जामताड़ा।** कुंडहित प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जमाले राजा के अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के तहत समीक्षा बैठक किए। जिसमें उपस्थित सभी मुखिया एवं जल सहिया को आसन्न गर्मी की मौसम को देखते हुए सभी ग्राम में पेयजल स्रोत यथा चापाकल एवं पानी टंकी के बारे में सर्वे कर प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत ÷हर घर नल जल÷ का वर्तमान भौतिक स्थिति का प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही विभाग द्वारा आए हुए ऑडिटर के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 से 23 एवं 2023 से 24 का ऑडिट कार्य किया गया। ऑडिटर के द्वारा बाकी सभी जल सहिया को निर्देश दिया गया कि आगामी सोमवार तक सभी बाकी जल सहिया प्रखंड कार्यालय में पासबुक, कैशबुक एवं भावचर अपडेट कर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि सभी वीडब्ल्यूएससी का ऑडिट संपादन किया जा सके। इस बैठक में प्रखंड स्तर के मुखिया, जल सहिया के साथ-साथ प्रखंड समन्वयक मोहम्मद रफिक हुसैन,प्रधान लिपिक अबरार अहमद खान,15 वे वित्त ऑपरेटर अनुप एवं आशीष गोप मौजूद रहे।

## प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव 2025 का समापन

### छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा : एकरारूल हसन



**गोड्डा संवाददाता, जयराम कुमार दास** । आज दिनांक 20.02.2025 को स्थानीय गोड्डा कॉलेज मैदान में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय दो दिवसीय पीएमएफएमई महोत्सव का समापन झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य इकरारुल हसन आलम एवं महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गोड्डा आर के चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से लघु उद्यमियों प्रमंडलीय पी एम एफ एम ई, प्रखंड समन्वयकों ई ओ डी बी प्रबंधकों तथा उद्योग विभाग से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रस्विपत्र देकर सम्मानित कर इस दो दिवसीय [illegible] महोत्सव का समापन किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों में मनीष कुमार देवरथ कुमार अब्दुल कादिर ब्यूटी हेंब्रम अजय कुमार प्रदीप हेंब्रम टेक्लाल कुमार दास प्रकाश कुमार मेहता आदित्य कुमार का नाम मुख्य रूप से शामिल है। इस अवसर पर आयोग सदस्य इकरारुल हसन ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएमएफएमई योजना सूक्ष्म खाद्य उद्योगो को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका क्रियान्वयन सरकार द्वारा झारखण्ड के हर जिले में किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से लघु एवं सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण संबंधित उद्यमों को सशक्त बनाया जा रहा है।

# विधायक राज सिन्हा ने किया चापाकल उद्घाटन, भाजपा में शामिल हुए दर्जनों लोग



**राष्ट्र संवाद संवाददाता, ओम प्रकाश शर्मा, धनबाद** । धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भूली आजाद नगर राम जानकी मंदिर परिसर में विधायक मद से लगे चापाकल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में वे शामिल हुए और जनता का आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह के दौरान दर्जनों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। विधायक राज सिन्हा ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा विकास और जनसेवा के प्रति समर्पित पार्टी है, और उनकी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि भूली क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जल संकट को दूर करने के लिए और भी चापाकल और जलापूर्ति योजनाओं को लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। स्थानीय नागरिकों ने विधायक राज सिन्हा का फूल-मालाओं और शॉल देकर सम्मान किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने भूली में सड़क, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने की मांग भी रखी, जिस पर विधायक ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने पार्टी की विचारधारा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को गति दे रही हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भाजपा के साथ जुड़कर विकास की इस यात्रा में योगदान देने की अपील की।

भाजपा में शामिल हुए नए सदस्यों ने पार्टी के प्रति अपनी आस्था जताई और कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की आगामी योजनाओं और मिशन को लेकर भी चर्चा की। समारोह के अंत में विधायक राज सिन्हा ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा, बल्कि उसके समाधान के लिए पूरी कोशिश की जाएगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र के प्रिनर्सरी स्कूल में मातृभाषा में शिक्षा चालू कराने की मांग




**दुमका** । अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के पूर्व संध्या बंग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति झारखंड की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र के प्री नर्सरी स्कूल में मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा चालू करने की मांग जोर पकड़ा ।बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति राज्य की एकमात्र भाषाई संगठन बिगत 25 साल से मातृभाषा दिवस के पवित्र दिन को मातृभाषा दिवस के रूप में मनाते आ रहा हैं । गुरुवार के अपराह्न में 26 वी प्रतिज्ञा दिवस के कार्यक्रम में जिले की एन आई सी की प्रोफाइल में बांग्ला भाषा को जोड़ने के लिये मांग किया हैं ।साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के प्री नर्सरी स्कूल में मातृभाषा के माध्यम से अक्षर ज्ञान कराने की नियम चालू कराने की मांग किया हैं ।समिति के सचिव गौतम ने बताया हैं कि केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा को अनिवार्य किया हैं ।वही राज्य सरकार के मानव संसाधन विकास बिभाग संथाल परगना में बांग्ला, संथाली, खोरठा एवं मालतो भाषा को प्रथम भाषा की स्वीकृति दिया हैं ।दूसरी ओर बाल विकास परियोजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के प्री नर्सरी स्कूल में शिशिक्षुओ को उनके मातृभाषा में शिक्षा चालू करने की प्रावधान नहीं किया हैं ।संथाल परगना छेत्र के सांख्यबहुल आबादी बांग्ला भाषी हैं ।यहां के अधिकांश मौजा के जमीन का नक्शा एवं पर्चा बांग्ला भाषा मे हैं ,इसके बाबजूद यहां जिले के एन आई सी में बांग्ला भाषा को जोड़ा नहीं गया हैं ।समिति राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री से बिषय को लेकर हस्तक्षेप की मांग किया हैं । कार्यक्रम सह रैली में बिहार बंगाली समिति के सचिव विद्युत पाल ,अध्यापक तन्मय बीर ,लेखक रतन कुमार घोष ,देबाशीष राय बोद बोदरा ,अभिनंदन मुर्मू मौजूद थे ।

## भाजपा नेता हिसाबी राय ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई



**राष्ट्र संवाद संवाददाता** । भाजपा पाकुड़ जिला के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। श्री राय ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी।आगे श्री राय ने कहा कि रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद शपथ लेने पर हृदय तल से बधाई और मंगलकामनाएं।आशाएं नहीं पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन और अपने कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पष्ट करते करेगी।आगे उन्होंने कहा कि 27 सालों के बाद भाजपा को वहां की जनता जनार्दन एक बार सेवा करने का पुनः अवसर प्रदान किया है और शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सहित पूरी कैबिनेट ने शपथ लिया है।जो हर्ष का विषय है।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिला दुमका एसपी कॉलेज प्राचार्यों का प्रतिनिधिमंडल

### समस्याओं के समाधान का भरोसा

**राष्ट्र संवाद , ओम प्रकाश शर्मा, दुमका** । झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से दुमका एसपी कॉलेज के प्राचार्यों का विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल मिला और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। मंत्री ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें उचित समाधान का आश्वासन दिया।डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्राचार्यों की मुलाकात कराएंगे, ताकि उनकी सभी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की समस्याओं, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। इस पर मंत्री ने विश्वास दिलाया कि चालू सत्र में ही ठोस निर्णय लिए जाएंगे, जिससे कॉलेजों का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

बैठक के दौरान प्राचार्यों ने सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की और उम्मीद जताई कि उनके लंबित मामलों का जल्द समाधान होगा।

# कुड़माली भाषा के संरक्षण को संकल्पित: विधायक जयराम महतो ने सेमिनार में किया समर्थन





**राष्ट्र संवाद , ओम प्रकाश शर्मा, धनबाद** । झाड़ग्राम, पश्चिम बंगाल स्थित साधु रामचंद्र मुर्मू विश्वविद्यालय में आयोजित कुड़माली राजभाषा स्वीकृति दिवस सेमिनार में दुमरी विधायक जयराम महतो ने अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन, कुड़माली विभाग के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

विधायक जयराम महतो ने कहा कि कुड़माली भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए उनका पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने इस भाषा को पहचान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया और इसके आधिकारिक स्वीकृति की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात कही।सेमिनार में विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षाविदों और छात्रों ने कुड़माली भाषा के ऐतिहासिक महत्व और उसके प्रचार-प्रसार पर चर्चा की। इस दौरान क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन पर जोर दिया गया, जिससे समाज में भाषाई विविधता बनी रहे और आने वाली पीढ़ियों को अपनी मातृभाषा पर गर्व महसूस हो।

## आनंद मार्ग ने पूर्णिमा नेत्रालय में 10 फेको सर्जरी एवं 1 एस.आई.सी.एस सर्जरी कर कुल 11 का निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण कराया गया




**राष्ट्र संवाद संवाददाता** ।आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से दृष्टि सेवा महा अभियान के तहत 10 फेको सर्जरी एवं 1एस.आई.सी.एस सर्जरी कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया।आनंद मार्ग ने आयुष्मान एवं(डी.बी.सी.एस )राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से लगभग 11 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए। जो रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए उनका मोतियाबिंद मेच्योर्ड हो चुका है,रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से मोतियाबिंद ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया। आज सोनारी से पिछले कैंप से चयनित 40 रोगियों का ऑपरेशन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण के लिए पूर्णिमा नेत्रालय भेजा गया 23 फरवरी को होगा निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण ।आनंद मार्ग के कैंप ऑर्गेनाइजर सुनील आनंद ने बताया किफेको सर्जरी या फेकोइमल्सीफिकेशन एक प्रकार का मोतियाबिंद का इलाज है जो लेंस के धुंधले हिस्से यानी मोतियाबिंद को हटाने के लिए किया जाता है।

## झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा होटल विवांता में कार्यशाला आयोजित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता** । झारखंड के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय तथा झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा आज गोलमुरी स्थित होटल विवांता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ÷स्किल गैप एनालिसिस एंड एक्सप्लोरिंग स्किल डिमांड ऑफ़ लोकल इंडस्ट्री÷जिसका विधिवत उद्घाटन झारखंड के श्रम ,नियोजन , प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव एवं सचिव मुकेश कुमार सहित गणमानी लोगों ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि इस तरह का आयोजन करने का उद्देश्य झारखंड से पलायन को रोकना है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के मुखिया हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश अनुसार यह कार्यक्रम हम लोग आयोजित कर रहे हैं इस राज्य का मुख्य बिंदु यह है कि स्किल कौशल विकास में प्रशिक्षण प्राप्त कर हमारे विद्यार्थी दूसरे विद्यार्थी दूसरे राज्य में चले जा रहे हैं उनको झारखंड में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसी उद्देश्य से यहां पर सब सभी विभाग के पदाधिकारी छोटे-छोटे उद्योगपति आदि को बुलाया गया है।

## झारखंड बोर्ड का साइंस पेपर लीक: शिक्षा व्यवस्था पर सवाल, सरकार की कार्यशैली कठघरे में

**राष्ट्र संवाद संवाददाता** । झारखंड में शिक्षा व्यवस्था का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। ताजा मामला बोर्ड परीक्षा में साइंस के पेपर लीक होने का है, जिसने राज्य की परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पेपर लीक होना सिर्फ एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सरकार की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार की पोल खोलता है। अभी कुछ ही दिनों पहले जैक के अध्यक्ष का नियुक्ति हुई थी । आखिर हर एग्जाम का पेपर लीक हो जाता है चाहे हो [illegible]का हो या मीट्रिक , आखिर सरकार कोई भी एग्जाम कदाचार मुक्त क्यों नहीं करवा पा रही? आखिर क्यों हर परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आती है? क्यों अब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती? यह स्पष्ट संकेत है कि झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। शिक्षा मंत्री की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। क्या उनकी जिम्मेदारी केवल भाषण देने तक सीमित है? जब छात्र अपना भविष्य बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं, तो उनके सपनों के साथ इस तरह का खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है?

## ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राष्ट्र संवाद संवाददाता** । ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डोरिस दास उपस्थित थीं। उन्होंने फाइलेरिया के कारण व निवारण के बारे में चर्चा करते हुए बताया की फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो मच्छरों के काटने से होती है । लेकिन जानकारी के अभाव में हम लोग इस बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। इसमें हाथ पैरों में सूजन हो जाते है । हाथीपांव से बचाव के लिए सबसे पहले अपने आस पास को साफ सुथरा रखें और पानी इकठ्ठा न होने दे । समय-समय पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। इस कार्यक्रम में मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर निशा कोंगरी के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में डॉ ज्योति ,डॉ अपराजिता , प्रोफेसर इंदु, प्रोफेसर प्रीति , डॉ सुलेखा एवं काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## पेपर लीक करने में लिप्त अधिकारियों व सरगनाओं पर कार्रवाई हो :रश्मि साहू



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,गम्हरिया।** झारखंड में शिक्षा व्यवस्था फिर एक बार विवादों के घेरे में है। इस वर्ष की झारखंड बोर्ड की परीक्षा में पेपर लीक होने की घटना ने राज्य की परीक्षा प्रणाली और प्रशासनिक कार्यशाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि साहू ने जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के प्रश्न पत्र लीक होने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में किसी भी परीक्षा में गड़बड़ी अब आम बात बनती जा रही है। मैट्रिक परीक्षा के कुछ ही दिनों पूर्व झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भी यह समस्या बनी हुई है। झारखंड में सरकार किसी भी परीक्षा को कदाचारमुक्त नहीं करवा पा रही है। छात्र दिन-रात मेहनत करके अपने भविष्य संवारने का सपना देखते हैं और इस तरह के मामले सामने आने पर छात्रों का परीक्षा प्रणाली से भरोसा उठता जा रहा है। इस भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और गिरोह के सरगनाओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पेपर लीक जैसी घटनाओं की रोकथाम हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य में हर एक परीक्षा के मामले में इस तरह की घटना सामने आने से सरकार की मनसा पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है और लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में दिख रहा है।

# सिदगोड़ा सूर्यधाम में संगीतमय श्रीराम कथा से पूर्व निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

### डीजे, बैंड बाजा, पुष्पवर्षा एवं प्रयागराज महाकुंभ के साधु-संतों की मनोरम झांकियों के साथ शामिल होंगी हजारों महिलाएं

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर सूर्यधाम सिदगोड़ा में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की भव्य शुरुआत शुक्रवार को विशाल शोभायात्रा के साथ होगी। यह शोभायात्रा बारीडीह सुगना कॉलोनी मंदिर से दोपहर 3 बजे निकलेगी और नगर भ्रमण करते हुए सूर्यधाम पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत हजारों माताएं-बहनें, युवा एवं शहर के गणमान्यजन भक्तिभाव से सम्मिलित होंगे। शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए बैंड-बाजा, भक्तिमय डीजे संगीत, पुष्पवर्षा, केसरिया ध्वजों से सुसज्जित मार्ग, तिलक लगाए सनातन संस्कृति के परंपरागत



परिधान में शामिल पुरोहितों के समूह, आतिशबाजी एवं प्रयागराज महाकुंभ के साधु-संतों की मनोरम झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। इस आशय की जानकारी देने हेतु गुरुवार को भालूबासा स्थित होटल मिष्टी इन में सूर्य मंदिर समिति की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, मीडिया प्रभारी प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगाँठ के तहत 9 दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन शुक्रवार को निकाले जाने वाली शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति, एकता और भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही, आयोजन से पूर्व सूर्य मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को पुष्प सज्जा एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है। रामकथा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर के शंख मैदान में पक्के पंडाल बनाये गए हैं।

वहीं, महासचिव अखिलेश चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय श्रीराम कथा एवं शोभायात्रा को लेकर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है। सूर्यधाम में नौ दिवसीय आयोजन भक्ति, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिलेगा, जिसमें प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 22 से 28 फरवरी तक सात दिन लगातार श्री राम कथा के मर्मज्ञ कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य राजेन्द्र जी महाराज श्रीरामचरित मानस की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगे। राम कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7‑30 बजे तक चलेगी।इस आयोजन के प्रभारी कमलेश सिंह बनाए गए हैं। वहीं, शोभा यात्रा की सफलता हेतु मिथलेश सिंह यादव, दिनेश कुमार, शैलेश गुप्ता, जीवन साहू, बबलू गोप एवं पप्पू उपाध्याय को जिम्मेदारी दी गयी है। नगर सज्जा के लिए अमरजीत सिंह राजा, कंचन दत्ता, तेजिंदर सिंह जॉनी, कुमार अभिषेक एवं विकास शर्मा को जिम्मेदारी दी गयी है।

## टेल्को पुलिस को मिली सफलता, गांजा और तीन मोबाइल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर ।** एसएसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए जा रहे विशेष अभियान के तहत टेल्को थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. जहां सालगाजुड़ी रेलवे फाटक के समीप से जांच के क्रम में पुलिस ने दो युवकों को 3.66 किलो गांजा, तीन स्क्रीन टच मोबाइल और एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस की गिरफ्त में आए युवकों में चंद्रशेखर कुमार और अमित कुमार सिंह शामिल है. इसकी जानकारी गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने दी. उन्होंने बताया कि गस्ती के क्रम में सालगाजुड़ी रेलवे फाटक के समीप पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे. जिसे खदेड़कर पकड़ा गया और रोक कर तलाशी लेने पर उसके पास से 3.66 किलो गांजा बरामद किया गया. जिसका बाजार मूल्य करीब डेढ़ लाख रुपया है जिसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।

## जोहार ट्रस्ट एवं आदिवासी हो समाज के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का आयोजन




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

जोहार ट्रस्ट एवं आदिवासी हो समाज महासभा पूर्वी सिंहभूम के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्टीय मागे महोत्सव का आयोजन 7 से 9 मार्च, 2025 को गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में देश के विभिन्न 11राज्यों से आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे।इस सांस्कृतिक महोत्सव में देश भर से विभिन्न आदिवासी समुदायों के कलाकार भाग लेंगे और पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य एवं खेलकूद के साथ-साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।इसी के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान करने वाले व्यक्तियों को जोहार संस्था की ओर से सम्मानित किया जाएगा। तीन दिवसीय राष्टीय मागे महोत्सव में दो सौ स्टॉल लगेंगे जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन, परिधान, पुस्तक, आर्ट एवं क्राफ्ट, फर्नीचर, डेकोरेशन आइटम, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, कार एवं बाइक, मोटरसाइकिल के स्टॉल भी शामिल होंगे।

राष्टीय मागे महोत्सव प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि दो लाख ग्यारह हज़ार रूपए के साथ प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। अखड़ा मागे षुशुन प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि इक्यासी हज़ार रुपए के साथ प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो दिया जाएगा, और साथ ही मेगा आर्ट फेस्ट का आयोजन किया गया है। जिसमे विद्यालय एवं महाविद्यालयों के दो हज़ार से ज़्यादा छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगे। जिसकी कुल पुरस्कार राशि एक लाख रुपए है। इस दिन भिन्न प्रकार की कला प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। साथ ही, मानकी मुंडा, दिऊरी, समाज के पदाधिकारी गण एवं बुद्धिजीवियों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा। विभिन्न राज्यों से 11 जनजातियों द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत, एवं लोकगीत की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि पचहतर हज़ार रुपए है।राष्टीय मागे महोत्सव आयोजन का उद्देश्य है कि हो समुदाय की सांस्कृतिक विरासत एवं पहचान को संरक्षित कर 'हो' संस्कृति, परंपरा, दर्शन, नृत्य, कला, भाषा, वाह्यरंग चिती लिपी, साहित्य, गीत एवं संगीत के प्रति सांस्कृतिक गौरव एवं गरिमा की भावना को जागृत करना।

## कांड्रा थाना प्रभारी ने की स्थानीय व्यवसायियों के साथ बैठक, दिए प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

गम्हरिया।एसपी के निर्देश पर कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू गुरूवार को स्थानीय व्यवसायियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। थाना परिसर में आयोजित उंक्त बैठक में काफी संख्या में व्यवसायी शामिल हुए। इस मौके पर स्थानीय समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने व्यवसायियों से बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने को कहा। साथ ही, दुकानों के आगे निर्धारित सीमा से अधिक सामान नहीं रखने का निर्देश दिया ताकि बाजारों में जाम की स्थिति नहीं बने। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा व सहयोग के लिए हैं। कहा कि असामाजिक तत्वों व नशा बेचने का अवैध धंधा करने वालों के बारे में पुलिस को सूचना दें, उसपर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। उन्होंने व्यवसायियों को अपनी दुकानों की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की सलाह दिया ताकि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में कोई अप्रिय घटना घटित हो तो पुलिस कैमरे की मदद से अपराधियों की पहचान आसानी से कर सके। बैठक में कांड्रा पंचायत के कांड्रा पंचायत के पूर्व उप मुखिया सुबोध सिंह, गोपाल बर्मन, निर्मल बर्मन, जितेन बर्मन, संजय महांती, मनोज साव, सुजेन हांसदा, नरेश वार्ष्णेय, राजेश गुप्ता, शेखर वार्ष्णेय, रंजीत कुमार, प्रेमचंद्र गिरी, राहुल गुप्ता समेत काफी संख्या में कांड्रा के व्यवसायी उपस्थित थे।

# साइबर फ्रॉड रोकना है तो जागरूकता और समझदारी के साथ करें स्मार्ट फोन और सोशल साइट्स का प्रयोग

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह में आज साइबर डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में एक अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया । सेशन का आरंभ दीप प्रज्व्वलन और दीप मंत्र के साथ किया गया । सभी सम्मानित अतिथियों को उत्तरीय, नव वर्ष डायरी और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

इस सेशन में प्रमुख रूप से इंस्पेक्टर श्रीनिवास कुमार , थाना इंचार्ज, साइबर थाना जमशेदपुर ने कहा कि साइबर क्राइम के मूल में दो ही बातें हैं एक तो भय और दूसरा लालच ।जब भी फोन से कोई धमकी मिले या परेशानी हो तो बिना डर के सामना करें और कभी भी पैसा दुगना हो जाने के




लालच में आने वाले कॉल पर ध्यान ना दें। वक्ता कीर्ति श्रीवास्तव ने पीपीटी के माध्यम से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट की विस्तृत जानकारी दी। इंस्पेक्टर साइबर सेल कुणाल राजा ने जीवंत उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया और बताया कि इसके पीछे के कारण क्या है और जानकारी से ही बचा जा सकता है। स्टेट साइबर पीस फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर तारक दास ने विद्यार्थियों को बताया कि वह साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी को सिर्फ अपने तक ही ना रखें बल्कि अपने परिजन में अपने परिवार में और समुदाय में भी इस जानकारी को प्रचारित और प्रसारित करें। इस कार्यक्रम का संचालन किया बी एड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सुमन लता ने और धन्यवाद ज्ञापन किया नर्सिंग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर रिसाली ने।

इस अवेयरनेस सेशन में कॉलेज के चेयरमैन रामबचन,प्रिंसिपल डॉक्टर कल्याणी कबीर, रंभा शैक्षणिक संस्थान के बी एड , डीएलएड ,बी एस सी नर्सिंग , स्नातक, ए एन एम, जी एन एम और फार्मेसी के सभी व्याख्यातागण और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## जेम्को आजाद बस्ती के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के जजर्र भवन हादसे को दे रहा आमंत्रण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** टेल्को के जम्को आजाद बस्ती के उत्क्रमित विद्यालय में गुरुवार को समाजसेवी करनदीप सिंह विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने प्राचार्य धनंजय मिश्रा से जानकारी ली उन्होंने बताया कि विद्यालय को शिक्षा विभाग के द्वारा हाई स्कूल घोषित किया गया है यहां केजी से कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई होती है पर यहां आज तक तीन क्लासरूम के भरोसे ही या विद्यालय चल रहा है जबकि बगल में एक भवन है जिसका निर्माण नहीं हुआ, वह बहुत जजर अवस्था में है। वही करनदीप सिंह ने देखा कि क्लासरूम की छत झड़ रही है उन्होंने शिक्षा विभाग से नए भवन निर्माण की तत्काल उचित मांग की है उन्होंने देखा कि भवन के अभाव के कारण केजी,1,2, 3 के बच्चे एक क्लास में पढ़ रहे हैं और कक्षा 4 , 5 एक क्लास में वही 6, 7 एक में तथा 8 वीं कक्षा के बच्चे बरामदे में बैठकर किसी तरह पढ़ रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया की तीन शिक्षक के सहारे विद्यालय चल रहा है उन्होंने दो शिक्षक की भी तत्काल मांग की है और विद्यालय में पीने का पानी तक बच्चों को उपलब्ध नहीं है वहीं करनदीप सिंह ने बताया कि वे इस विषय में जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे जो इस विषय में जल्द से जल्द कार्रवाई हो।

## उपायुक्त ने राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना की जिले की पहली लाभुक को सौंपे 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला की पहली लाभुक श्रीमती दुर्गी देवी, प्रखंड जमशेदपुर को योजना के तहत 2 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि का चेक जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा कार्यालय कक्ष में प्रदान किया गया । इस मौके पर उन्होने दम्पत्ति को उज्जवल भविष्य एवं सफल गृहस्थ जीवन की शुभकामनायें देते हुए कहा कि विधवा पुनर्विवाह के लिए राज्य सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही है। इस योजना से समाज में विधवा पुनर्विवाह करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा दी जाने वाली राशि का उपयोग अपने जीवन को बेहतर करने के लिए कर सकेंगे। इस अवसर पर




उपायुक्त द्वारा संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह के लिए नवनियुक्त गृहपति- सुजित महतो, परिवीक्षा पदाधिकारी- सुचांद महतो, काउंसलर- कविता कुमारी सिंह एवं पारा चिकित्सा कर्मी- संगीता गोड़सोरा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । उन्होने नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिम्मेदारी जितनी बड़ी है, उसी गंभीरता से दिए गए दायित्वों को निर्वह्न करना है। उन्होने कहा कि जिला के संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह को आदर्श संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह बनाना है। संप्रेक्षण गृह एवं बाल गृह का नियमित निरीक्षण करें, कोई कमियां पाई जाने पर त्वरित कार्रवाई के लिए अपने उच्चाधिकारी को सूचित करें, सीसीटीवी एवं पूरी सुरक्षा व्यवस्था का नियमित अवलोकन करें।

## मीडिया कप क्रिकेट में टाटा स्टील कॉरपोरेट एकादश 24 रन से जीता



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर।** कीनन स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए एक मैत्री मैच में टाटा स्टील कॉरपोरेट एकादश ने प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर एकादश को 24 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टाटा स्टील कॉरपोरेट एकादश ने 20 ओवर में सात विकेट पर 179 रनों का योग खड़ा किया। अमर ने 33 गेंदो पर 51 रन और पाला ने 28 गेंदों पर 51 रन बनाए। बुलंद इकबाल ने 36 रन खर्च कर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर एकादश की टीम सात विकेट पर 155 रन ही बना सकी। कप्तान निसार अहमद ने 50 गेंदो पर 66 रनों की पारी खेली। बाबू वसीम ने 18 गेंदो पर 23 रन जोड़े। टाटा स्टील कॉरपोरेट एकादश की ओर अमर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर पांच विकेट लिए। आज के मैच में टाटा स्टील कॉरपोरेट एकादश की ओर से टाटा स्टील यूएसआईएल के एमडी ॠतुराज सिन्हा, मुकुल चौधरी , डॉ आसिफ, राजेश राजन ने खास तौर से हिस्सा लिया। मैच के दौरान टाटा खेल विभाग के हेर्ड विभूति अडेसरा, डॉ हसन इमाम मलिक का खिलाड़ियों को परिचय कराया गया।

## बागुनहातु फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय बालमेला का होगा आयोजन आयोजन

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर ।** बागुनहातु फुटबॉल मैदान में पिछले साल की भांति इस साल में तीन दिवसीय बालमेला का आयोजन किया जा रहा है ।जो 22 23 और 24 फरवरी को होगा यह कार्यक्रम एंजेल प्ले स्कूल और मॉर्निंग वॉक ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है । मेला का आयोजन ग्रुप के संरक्षक अनुभव सिन्हा के पिता स्वर्गीय चतुर्भुज प्रसाद के पुण्य स्मृति में बस्ती के बच्चों के बीच नशा मुक्ति जागरूकता और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय बाल मेला में इस वर्ष मॉर्निंग ग्रुप के संरक्षक अनुभव सिन्हा और मॉर्निंग ग्रुप के अध्यक्ष शशि वीर राणा ने बताया कि तीन दिवसीय मेला के दौरान फ्री मेडिकल चेकअप, मेडिटेशन डेंटल चेकअप, शुगर ,बीपी की जांच और एक्यूप्रेशर और विभिन्न विद्यालय के छात्रों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता बच्चों की याददाश्त बढ़ाने के लिए आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ना, चित्रांकन करना तभी पढ़ना, चित्र बनाना और कलर करना, जादू का भी कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। तीन दिवसीय मेला में अलग-अलग दिन शहर के वरिष्ठ लोगों नेताओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें पूर्वी, पश्चिमी के ,विधायक, समाजसेवी आमंत्रित हैं।

# अनुमंडल अस्पतालमें विधायक सुखराम ने किया एक्स-रे मशीन का विधिवत उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में गुरुवार को विधायक सुखराम उरांव ने एक्स-रे मशीन का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक सुखराम उरांव ने एक्स-रे मशीन का अवलोकन किया। मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि अनुमंडल अस्पताल में एक्स-रे मशीन चालू होने से यहां के गरीब जनता को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो गई हैं। सरकारी काम में थोड़ा लेट जरुर होता हैं, लेकिन योजना को धरातल पर उतारने के लिए काफी प्रयास किया गया। अब एक्स-रे मशीन चालू होने से यहां की जनता को काफी सुविधा होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला द्वारा निर्धारित तय रेट मरीजों को देना होगा। तय रेट से जो राशि अस्पताल को प्राप्त होगी उससे एक्स-रे मशीन का मेंटनेंस में खर्चा किया जाएगा। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर



अंशुमन शर्मा ने कहा कि लंबे समय से यहां के जनता एक्स-रे मशीन की मांग की रही थी। जिसे अब जाकर पूरा हुआ हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जितने भी टीबी के मरीज तथा 60 वर्ष से उपर के बुजुर्ग मिलेंगे उनका एक्स-रे मुफ्त में किया जाएगा। 17 मार्च को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम समाप्त होगा। इस कार्यक्रम के समापन के बाद जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा निर्धारित दर तय किया गया हैं उसी पर काम किया जाएगा। ओपीडी के समय तक एक्स-रे मशीन चालू रहेगा। जिला द्वारा एक्स-रे का रेट चार्ट तय किया गया हैं। जिसमें पेट का एक्सरे-100, छाती का 50 तथा सर का एक्सरे 190 रुपये में हो पाएगा। डॉक्टर के के मुंडू, मनोज साह, पवन कुमार, जगन्नाथ महतो, झामुमो नेता दिनेश जेना, वेद प्रकाश दास, कुमार विवेक, डिक्की मंडल समेत काफी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# घाटशिला कॉलेज में प्रख्यात साहित्यकार नवीन चौधरी का व्याख्यान 27 को

## छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवन के लिए दी जाएगी टिप्स - प्राचार्य

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटशिला ।** कॉलेज में साहित्य कला फाउंडेशन के सहयोग से 27 फरवरी को नई दिल्ली के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार एवं युवाओं के लिए करियर परामर्शदाता नवीन चौधरी का संवाद, कार्यशाला व व्याख्यान होगा। इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

इस आयोजन के संबंध में प्राचार्य डॉ रवीन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम साहित्य कला परिषद, घाटशिला कॉलेज की ओर से आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवन के लिए टिप्स दी जाएगी। अपने भावी जीवन के लिए युवा खुद को तैयार कैसे करें, अपने व्यक्तित्व को कैसे समृद्ध करें, बायोडाटा, सीवी, रिज्यूमे कैसे बनाएं, बेहतर जीवन की ओर कौन सी किताबें ले जाया करती



है आदि विषयों पर युवाओं का मार्गदर्शन नवीन चौधरी जी करेंगे। साथ उन्होंने यह भी कहा कि यह महत्वपूर्ण आयोजन घाटशिला कॉलेज एवं साहित्य कला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में नवीन चौधरी की करियर में सफलता पर केंद्रित खुद से बेहतर पुस्तक पर भी चर्चा होगी। साथ उन्होंने कहा कि नवीन चौधरी मार्केटिंग प्रोफेशनल एवं चर्चित उपन्यास हैं। ये ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में एसोसिएट मार्केटिंग डायरेक्टर (ग्लोबल रोल) के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्तित्व का घाटशिला कॉलेज में व्याख्यान होने से काफी संख्या में विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। प्राचार्य डॉ चौधरी ने यह भी बताया कि इस आयोजन में साहित्य कला फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी क्षमा त्रिपाठी, ट्रस्टी व पत्रकार बृजेश कुमार मिश्रा, घाटशिला कॉलेज के कार्यक्रम समन्वयक डॉ संदीप चंद्र, डॉ डीसी राम, प्रो इंदल पासवान आदि मुख्य रूप से लगे हैं।

## अधर्म और अहंकार के कारण किसी भी वंश का नाश हो सकता है- महाराज श्याम सुंदर चक्रवर्ती

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** पोटका प्रखंड के कोवाली थाना अंतर्गत महुलडिहा गांव में राधा गोविंद भागवत सेवा संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन बुधवार को महाराजा श्याम सुंदर चक्रवर्ती ने भगवान शिव एवं मां पार्वती पर आधारित 16108 विवाह की कथा, शिशुपाल उद्धार , युधिष्ठिर का राजसुय यज्ञ ,सुदामा कृष्ण मिलन, नव योगेंद्र संवाद, यदुवंश का नाश की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, सत्य और नैतिकता का पालन, अपने कर्मों को सही तरीके से करना, मन को शांत और स्थिर कर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। धर्म और अनाचार के कारण किसी भी वंश का नाश हो सकता है का संदेश दिया। कृष्ण सुदामा मिलन कथा की निकाली गई झांकी को देखकर भक्त मंडली भावुक गए।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सेवा संघ के अधिकारियों के अलावे गांव के युवक- युवतियों कि मुख्य भूमिका रही।

## चांडिल में युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,चांडिल।** चांडिल थाना अंतर्गत चांडिल प्रखंड स्थित कटिया स्टेडियम के समीप गुरुवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान सुखराम गोप (22) पिता सारेंगदा, थाना गोइलकेरा, जिला पश्चिम सिंहभूम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी दिल्सन बरुवा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक क्रिस्टल कंपनी में कार्यरत था और 18 फरवरी के दिन सुबह 11 बजे के बाद से लापता था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह हत्या का मामला भी हो सकता है। हालांकि, सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। फिलहाल, पुलिस घटना की गहन जांच में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन थाना नहीं पहुंचे थे।

## NH-75E राँची-चाईबासा रोड चक्रधरपुर के आस-पास हो रहे दुर्घटना को ले कर सांसद जोबा माझी को सौंपा मांग पत्र



**राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना चक्रधरपुर ।** NH-75E राँची-चाईबासा रोड चक्रधरपुर Over Bridge Vw (प्रभात सिनेमा हॉल पुराना) के आस-पास हो रहे दुर्घटना को ले सिंहभूम के सांसद जोबा माझी को सौंपा मांग पत्र पत्र में कहा है कि में इस आवेदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहते है कि ह॥-75श्च राँची-चाईबासा रोड चक्रधरपुर Over Bridge V2 (प्रभात सिनेमा हॉल पुराना) के आस-पास लगातार दुर्घटना हो रही है दो हृदय विदारक दुर्घटना एक माह के अन्दर हुआ है। छोटी-मोटी दुर्घटनाऐं प्रति दिन हो रहा है। ऐसी दुर्घटनाओं को और भी गति V2 नामक दुकान के खुल जाने से मिल रही है। इस दुकान का पार्किंग क्षेत्र काफी छोटा होने के कारण आम लोग सड़क पर ही अपनी वाहन खड़ा कर दे रहे हैं।

## पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिकदी पद धारियों के दायित्व ,चुनौतियों व समस्या पर हुआ एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जादूगोड़ा ।** पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिकदी में आज बृहस्पतिवार को पद धारियों के दायित्व , चुनौतियों , समस्याओं व समाधान पर दिवसीय सम्मेलन आयोजित की गई तथा सहमति बनी कि ग्राम सभा में आपसी समन्वय के जरिए समाधान निकाला जाए ताकि गांव में लोगों के पेंशन, जॉब कार्ड पर रोजगार, पलायन जैसी समस्या का समाधान हो सके। सम्मेलन में पर्यावरण चेतना केंद्र के निर्देशक सिद्धेश्वर सरदार,सचिव विभीषण,प्रोजेक्ट कोडिनेटर गोपाल किस्कू, हरीश सिंह भूमिज लखींद्र सरदार, जयपाल सिंह , प्रोफेसर सोमाय मार्डी, गौरी सरदार अनिता कुमारी , सुरेश सरदार आनंद सरदार ,सोनाराम सरदार जोबा टुडू ,बरियार मार्डी,माणिक सरदार,अर्जुन सरदार, कार्तिक सरदार,रामेश्वर सरदार, हेमंत सरदार, श्रीतम सरदार माणिक समेत सामुदायिक वन अधिकार समिति, ग्राम सभा अगुवा, सांस्कृतिक अखाड़ा, पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं हिस्सा लिया।

## घाटशिला कॉलेज में थाना प्रभारी मधुसूदन दे हुए सम्मानित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने पुलिस निरीक्षक सह घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे को कॉलेज में अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि कॉलेज के विधि व्यवस्था बनाए रखने में थाना प्रभारी मधुसूदन डे का निरंतर सहयोग मिलता रहता है। पिछले दिनों कॉलेज की एक छात्रा जब कॉलेज से अपने घर समय पर नहीं पहुंची तो उसे खुजवाने में इन्होंने महत्वपूर्ण सहयोग किया। इससे छात्रों एवं कालेज कर्मियों में काफी खुशी हुई।

इस मौके पर डॉ एस के सिंह, डॉ डीसी राम, डॉ संदीप चंद्र, डॉ एसपी सिंह, प्रो इंदल पासवान, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, डॉ कुमार विशाल, डॉ संजेश तिवारी, प्रो राम विनय श्याम, प्रसेनजीत मंडल, सूर्य देव टुडू, दीपक विश्वास, अशोक राय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बी0 एल0 नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता, 2024-25

# विजय रोहित का शानदार शतक, प्रताप क्रिकेट क्लब को पराजित कर एस0 आर0 रुंगटा ग्रुप फाईनल में

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रामगोपाल जेना,चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 32वीं बनवारी लाल नेवटिया टी -20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाईनल मैच में आज एस0 आर0 रुंगटा ने प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा को 38 रनों से पराजित कर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए दूसरे सेमीफाईनल मैच में टॉस प्रताप क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा भारी मौसम को देखते हुए विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ जब एस आर रूंगटा ग्रुप के




बल्लेबाजों ने निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 201 रन ठोक डाले। सबसे शानदार बल्लेबाजी विजय रोहित ने की जिसने तुफानी पारी खेलते हुए मात्र 54 गेंदों पर चार चौके तथा चौदह छक्के की सहायता से आक्रामक 124 रन बनाए। मैदान का ऐसा कोई कोना नही बचा था जहाँ उसने छक्के नहीं जड़े। विकेटकीपर बल्लेबाज रोबिन ने भी 42 रनों की पारी खेलकर विजय रोहित का अच्छा साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की बेशकीमती साझेदारी निभाई। प्रताप क्रिकेट क्लब की ओर से आकाश त्रिपाठी एवं प्रतीक अग्रवाल ने दो-दो तथा दीपेंद्र यादव, अमन पासवान एवं सुधांशु पाल ने एक-एक विकेट हासिल किए।

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रताप क्रिकेट क्लब की टीम ने भी भरपूर प्रयास किया पर पूरे बीस ओवर खेलकर सात विकेट के नुकसान पर 163 रन ही बना सकी।

अब रविवार 23 फरवरी को अपराह्न एक बजे से आयोजित होनेवाले फाईनल मैच में एस0 आर0 रुंगटा ग्रुप का मुकाबला सेरसा चक्रधरपुर से होगा।

## सिंहभूम सांसद जोबा माझी की अध्यक्षता में सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क व कनेक्टिविटी से संबंधित बैठक का आयोजन




**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** पश्चिम सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में सिंहभूम सांसद श्रीमती जोबा माझी की अध्यक्षता एवं उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर, निदेशक दूरसंचार विभाग श्री देव शंकर, सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर सहित बीएसएनएल, एयरटेल टेलीकॉम कंपनी के पदाधिकारी/प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क व कनेक्टिविटी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मोबाइल टावर अधिष्ठापन में आ रही परेशानियों के निराकरण से संबंधित विविध बिंदुओं पर क्रमशः विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सिंहभूम सांसद के द्वारा संबंधित पदाधिकारी व टेलीकॉम कंपनी के प्रतिनिधियों को संलग्न बिंदुओं पर यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित कर टावर अधिष्ठापन के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु संसूचित किया गया, ताकि वर्तमान समय के डिजिटल युग में मोबाइल नेटवर्क एवं कम्युनिकेशन से संबंधित समस्याओं का जल्द से जल्द निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

# पदाधिकारियों को दण्ड स्वरूप देना पड़ा बकरे और मुर्गा का कीमत

राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना कोल्हान/

**चक्रधरपुर** चक्रधरपुर प्रखण्ड अंतर्गत मौजा इन्दकाटा में मागे परब के बार का उलंघन करने पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य करा रहे संवेदक एवं मिट्टी की खोदाई कर जांच कर रहे भारत सरकार के वाहन पर पहुंचे पदाधिकारियों को दण्ड स्वरूप देना पड़ा बकरे और मुर्गा का किमत । मागे परब के पूजा से 24 घंटा पहले गॉव में बार रखा जाता है बार यानि गॉव में हल जुताई, मिट्टी खोदाई, पेड़ कटाई एवं कृषि कार्य से जुड़े औजार के



उपयोग द्वारा किए जाने वाले निर्माण कार्य में पूरी तरह रोक/प्रतिबंध रहता है ।मौजा के मुण्डा एवं गांव के देहरी के निर्देश पर डाकुवा द्वारा बार के अगले शाम ही ढिंढोरा पीट कर ग्रामीणों को सूचना पहुंचाया जाता है। ग्रामीण पारांपरा के अनुसार बार का उलंघन करने वाले व्यक्ति को दंडित किया जाता है।

# श्री रामेश्वरम शिव मंदिर की मनी पहली प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ

## हवन पूजन का हुआ आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मुसाबनी-** श्री राम मंदिर मुसाबनी प्रांगण में श्री रामेश्वरम शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए उड़ीसा रायरंगपुर से पंडित अरूप राय सामंत एवं मानस दास के साथ-साथ मुसाबनी के पंडित मनोरंजन मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराया।बुधवार रात से हीं पंडितों ने देव आवाह्न का कार्य सम्पन किया।गुरुवार को

मुख्य यजमान चंदन शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी गौरी शर्मा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने धार्मिक



अनुष्ठान में भाग लिया। पंडितो ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूजा अर्चना के साथ सूर्य पूजन ,अभिषेक एवं हवन आदि कराकर कार्यक्रम को भक्ति में बना दिया। इस मौके पर भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ।महिलाओं ने शिव की स्तूति पाठ की।शिव चर्चा में महिलाओं ने भाग लिया। हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस वर्षगांठ समारोह को सफल बनाने में श्री राम मंदिर कमेटी के किशोर साव,गांधी बेहरा,सचिन बाग,पिंटू साव,स्वप्न प्रधान,सूरज कुमार,राजू सिंह,शांतनु घोष, निरंजन महापात्र,शिव कुमार, संजय,बाप्पी, सिंट ू,बिनोद, प्रदीप आदि का अहम योगदान रहा।

## बंगला भाषा को बढ़ावा देने के लिए चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट ने स्कूलों में बाटे बंगला किताबें,बच्चों के खिले चेहरे



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जादूगोड़ा ।** झारखंड के स्कूलों में विलुप्त होती बंगला भाषा की पढ़ाई को बढ़ावा देने व प्रचार द्व प्रसार हेतु श्री द्व श्री चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट आगे आई है।इधर आज बुधवार को नरवापहाड़ स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुखराडीह स्कूल के बच्चों के बीच बंग भाषी किताब का वितरण किया,इधर बंग भाषी किताबें पाकर स्कूली बच्चों के चेहरे खिल उठे।कार्यक्रम की मेजबानी चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट व झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति ने की।

### मौके पर मौजूद लोग

जादूगोड़ा -इस मौके पर श्री द्व श्री चैतन्य वेल फेयर फंड के ट्रस्टी कअध्यक्ष लक्खी दास, सचिव शंकर दास, कोषाध्यक्ष राहुल दास, सदस्य तापस कुमार दास, प्रभाकर दास, शुक्रा सिंह, धनु राज हेंब्रम बीरबल दास, मोटू सिंह, टेल्को तीयू एवं विद्यालय के प्रधानाध्यक अरूण कुमार, मनोज सिंह, बागुन पतर, मंजूषा केरकेट्टा, बेबी मार्डी, कल्पना भगत आदि उपस्थित थे।

# भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज ने अभ्यास के दौरान किया सायक्लोन -3 का कठिन प्रशिक्षण

**बीकानेर, एजेंसी।**



भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज अभ्यास सायक्लोन का तीसरा संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा है। यह 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार यह उच्च-तीव्रता वाला अभ्यास भारत और मिस्र के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है, जो सैन्य सहयोग को मजबूत करता है और दोनों देशों की विशिष्ट बलों के बीच पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाता है।÷कंटिजेंट्स ट्रेन हार्ड÷ पर केंद्रित अभ्यास में, दोनों देशों की सेनाएँ कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही हैं, जिसका उद्देश्य जॉइंट ऑपरेशन क्षमताओं को मजबूत करना है। इस अभ्यास का प्रमुख लक्ष्य पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और स्पेशल फोर्सेज के अभियानों में युद्धकला, तकनीकों और प्रक्रियाओं (टीटीपीज) की आपसी समझ को बढ़ाना है।इस अभ्यास में क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) ड्रिल, सर्वाइवल तकनीक, कॉम्बैट मेडिकल स्किल्स और डिमोलिशन ट्रेनिंग का जॉइंट प्रशिक्षण दिया गया। इन उच्च तीव्रता वाले अभ्यासों का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को बढ़ाना था, ताकि वे रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में जटिल परिस्थितियों में प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें।डिफेंस के मुताबिक प्रशिक्षण सत्रों में तेजी, सहनशक्ति और सटीकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि दोनों दल वास्तविक युद्ध स्थितियों में एकजुट होकर बिना किसी रुकावट के काम कर सकें।क्लोज़ क्वार्टर बैटल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण यह है कि यह सैनिकों की क्षमता को बढ़ाता है, ताकि वे सीमित और शहरी वातावरण में कम रिएक्शन समय में दुश्मनों से निपट सकें। सर्वाइवल प्रशिक्षण मॉड्यूल कठोर परिस्थितियों में ऑपरेशन जारी रखने और शत्रुतापूर्ण वातावरण में स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल हैं। युद्ध क्षेत्र में आकस्मिक दुर्घटना प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कॉम्बैट मेडिकल कौशल प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जबकि डेमोलिशन प्रशिक्षण सैनिकों को दुश्मन की किलेबंदी को तोड़ने और निष्क्रिय करने के लिए तैयार करता है।डिफेंस पीआरओ के अनुसार सायक्लोन-3, 48 घंटे के वेलिडेशन फेज के साथ समाप्त होगा, जिसमें दोनों दल जॉइंट रूप से आतंकवाद विरोधी (सीटी) अभियान करेंगे। अंतिम चरण का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को उच्च चुनौतीपूर्ण माहौल में रणनीतिक योजनाएं बनाने और उन्हें लागू करने के लिए परखा जाएगा। इस चरण में सैनिक जॉइंट सामरिक ड्रिल्स, काल्पनिक खतरों को निष्क्रिय और अपने सीखे हुए कौशल को रियल ऑपरेशनल माहौल में लागू करेंगे।वेलिडेशन अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक युद्ध स्थितियों को सामने लाना है, ताकि सैनिकों की निर्णय लेने और मिशन को पूरा करने की क्षमताओं को निखारा जा सके । अलग-अलग ऑपरेशनल तरीकों को एकजुट करके, दोनों सैन्य दल उभरते सुरक्षा खतरों के प्रति अपनी अनुकूलन क्षमता को बढ़ाएंगे।अभ्यास सायक्लोन-3, भारत और मिस्र के बीच निरंतर रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी अभियान तथा प्रतीक है।

# मुडा मामले में सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट, लोकायुक्त पुलिस का दावा- नहीं मिले सबूत



**बंगलूरू, एजेंसी।**

मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है। लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले।कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितंबर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अंतिम रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप दी है।लोकायुक्त पुलिस ने कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा को भेजे एक पत्र में कहा कि मामले में आरोपी एक से आरोपी चार के खिलाफ आरोप सबूतों की कमी के कारण साबित नहीं हुए हैं। इसलिए अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जा रही है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा 2016 से 2024 तक 50:50 के अनुपात में मुआवजा भूखंड प्रदान करने के आरोपों की आगे की जांच की जाएगी और धारा 173 (8) सीआरपीसी के तहत एक अतिरिक्त अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जाएगी।

**क्या है पूरा मामला:** मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50त्न के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार की तरफ से योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री की पत्नी की तीन एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा की तरफ से अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी। आरोप है कि मुडा ने इस जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर तृतीय चरण की योजना विकसित कर दी।

# जल संचय के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित हो: सीआर पाटिल

**उदयपुर, एजेंसी।**



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हम जितना पानी खर्च करते हैं, उसके अनुपात में संचय नहीं कर पाते, यह चिंता का विषय है।वे बुधवार को जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी पहल कर्म भूमि से मातृ भूमि जल संचय अभियान के तहत शौर्यगढ़ रिसॉर्ट के सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।संवाद कार्यक्रम में मंत्री सीआर पाटिल ने राजस्थान में बढ़ती जल समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की और जल संचयन को लेकर जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर नल योजना के माध्यम से जल संकट को कम करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसमें जनसहयोग आवश्यक है।मंत्री पाटिल ने कहा कि उदयपुर जैसे शहर में जल संरक्षण पर सम्मेलन होना ही इस विषय की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब 100 फीट पर पानी उपलब्ध होता था, लेकिन आज यह स्तर 700 फीट तक नीचे चला गया है। इसके बावजूद भारत में पर्याप्त वर्षा होने के बावजूद जल संकट की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि हम जितना जल उपयोग करते हैं, उतना संरक्षित नहीं कर पाते।केन्द्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय के लिए वाटर हार्वेस्टिंग को सबसे प्रभावी उपाय बताया। उन्होंने कहा कि हम अपने घरों, बंगलों और खेतों में छतों से वर्षा जल संकलित कर सकते हैं। अगर हम इस अभियान को सही दिशा में ले जाएं, तो जल स्तर फिर से 100 फीट तक लाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से भी खेतों में जल संचय करने और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी राजकुमार फत्तावत ने बताया कि कार्यक्रम में सूरत महानगर पालिका के नगर सेवक दिनेश राजपुरोहित, सूरत शिक्षा परिषद के सदस्य अनुराग कोठारी और कैलाश हाकिम ने भी जल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। संवाद कार्यक्रम में उद्योगपति मांगीलाल प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# उद्धव 2019 में शिंदे को सीएम बनाना चाहते थे, लेकिन भाजपा और पवार ने... , संजय राउत का दावा

**मुंबई, एजेंसी।**



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे 2019 के चुनावों के बाद एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन पहले भाजपा और बाद में शरद पवार सहित एमवीए सहयोगियों ने उन्हें बनने नहीं दिया। राउत ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने (अविभाजित) शिवसेना से मुख्यमंत्री पद साझा करने का वादा नहीं निभाया। यही कारण है कि शिंदे को सरकार का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिल सका।बता दें कि अविभाजित शिवसेना के तत्कालीन प्रमुख उद्धव ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था और कांग्रेस तथा अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन बनाकर वह मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए थे।शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने दावा किया, एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, लेकिन एमवीए के शीर्ष नेताओं ने उनके अधीन काम करने से इनकार कर दिया, क्योंकि वह उनसे जूनियर थे। (अविभाजित) राकांपा के तत्कालीन अध्यक्ष शरद पवार और अजित पवार ने शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने की योजना का विरोध किया था।

**शंभूराज देसाई ने राउत के दावे का खंडन किया:** राउत के मुताबिक, उद्धव 2019 में शिंदे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, शिंदे को शिवसेना विधायक दल का नेता बनाया गया था, जो इस बात का संकेत था कि वह मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री शंभूराज देसाई ने राउत के दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा कि 2019 में उद्धव ने शिंदे की तरफ इशारा करते हुए पार्टी विधायकों से कहा था कि वह एक आम शिवसेना कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, लेकिन फिर रातों-रात चीजें बदल गई।भाजपा नेता और राज्य सरकार में मंत्री नितेश राणे ने दावा किया कि राउत खुद मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विधायकों को भी फोन किए गए, लेकिन सिर्फ पांच-छह विधायक ही उनके समर्थन में आगे आए।

# सरकारी कर्मचारियों को पहले मिलेगा घर, सीएम ने आइजोल के ऐनावन वेंग में कम्युनिटी सेंटर का किया उद्घाटन



**आइजोल, एजेंसी।**

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बुधवार को कहा कि फेडरेशन एन्क्लेव मिजोरम के शहरी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस तरह की पहलों से भविष्य में आइज़ोल और उसके आस-पास के क्षेत्रों को एक सुनियोजित शहर में बदलने में मदद मिलेगी। उन्होंने हाउसिंग कॉम्प्लैक्स की सफलतापूर्वक पूर्णता की उम्मीद जताई। वे बुधवार को ऐनावन वेंग में फेडरेशन एन्क्लेव सैंपल फ्लैट और कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे।मिजोरम सरकार कर्मचारी हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष ह्मिंगचुंगनुंगा ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। जबकि एफएमजीई एंड डब्ल्यू के अध्यक्ष एर. आर. लालराममाविया ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में वक्ताओं ने मिजोरम में सरकारी कर्मचारियों को आवास प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर किया, विशेषकर उनके बार-बार स्थानांतरण और पदस्थापन के कारण। इस समस्या का समाधान करने के लिए, यह आवास परियोजना सरकारी कर्मचारियों को लोन वित्तपोषण के माध्यम से घर प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए विकसित की गई है। सरकार ने इस परियोजना के लिए भूमि प्रदान की है। आवासीय परिसर 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। पहले साल के दौरान आवासीय इकाइयां केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होंगी। इसके बाद ये इकाइयां आम जनता के लिडब्ल्यू (मिजोरम सरकारी कर्मचारी हाउसिंग सोसाइटी) और ब्लू माउंटेन की जा रही है।

# विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, एक युवक की मौत, दमकलों ने पाया आग पर काबू

**विरुधुनगर, एजेंसी।**



तमिलनाडु के विरुधुनगर में एक पटाखा फैक्टरी में बुधवार सुबह विस्फोट हो गया। इसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक झुलस गया। दमकलों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

**महाराष्ट्र के भिवंडी में लॉजिस्टिक कंपनी के गोदाम में लगी आग:** महाराष्ट्र के भिवंडी में लॉजिस्टिक कंपनी के गोदाम में बुधवार सुबह आग लग गई। इसमें गोदाम में रखे इत्र और कार्डबोर्ड जल गए। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। भिवंडी निजामपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 4:30 बजे मुंबई-नासिक हाईवे पर येवई नाका के पास बने गोदाम में आग लग गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दमकलों ने दोपहर एक बजे आग पर काबू पाया।

अधिकारियों ने बताया कि आग में गोदाम में रखा सामान इत्र, बॉडी स्प्रे और कार्ड बोर्ड जलकर राख हो गए। जब तक दमकल मौके पर पहुंची तब तक गोदाम का ढांचा ढह गया था। छत पर लगी टिन गिरने से दमकल टीमों को आग बुझाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। इसके अलावा आग की लपटें कई किमी दूर तक नजर आईं। आसमान में काला धुआं दिखा।

अफसरों ने बताया कि दो दमकलें समय पर मौके पर पहुंच गई थी लेकिन पानी और संसाधनों की कमी के चलते आग बुझाने में देरी हुई। अग्निशमन अफसर आग के कारणों की जांच कर रहे हैं। साथ ही नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

# यूपी राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के अवसर पर दोनों राज्यों के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविधता से परिपूर्ण अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन राज्यों की जनता ने विकास के पथ पर उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं अन्य क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम आने वाले वर्षों में और अधिक प्रगति करेंगे तथा अपनी समृद्ध परंपराओं को सहेजते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

# 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त होंगे शामिल

**भोपाल, एजेंसी।**



विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में स्थित पेंच राष्ट्रीय उद्यान में एक से चार मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आंध्र प्रदेश की राज्य निर्वाचन आयुक्त नीलम साहनी, दिल्ली-चण्डीगढ़ के डॉ. विजय देव, गोवा के दौलत हवलदार, झारखण्ड के डॉ. बी.के. तिवारी, कर्नाटक के जी.एस. संगरेशी, राजस्थान के मधुकर गुप्ता, उड़ीसा के मधुसूदन पाधी, तेलंगाना की आई. रानी कुमुदिनी, हिमाचल प्रदेश के अनिल कुमार खांची, असम के आलोक कुमार, तमिलनाडु की बी. जोथी निर्मलासामी, महाराष्ट्र के दिनेश टी. वाघमारे, सिक्किम के के.सी. लेप्चा, जम्मू-कश्मीर के बी.आर. शर्मा, छत्तीसगढ़ के अजय सिंह, केन्द्र शासित प्रदेशों के सुधांशु पाण्डे, त्रिपुरा के शरदेंदु चौधरी, गुजरात के डॉ. एस. मुरलीकृष्णन, उत्तर प्रदेश के राज प्रताप सिंह, उत्तराखण्ड के सुशील कुमार, बिहार के डॉ. दीपक प्रसाद और केरल के राज्य निर्वाचन आयुक्त ए. शाहजहाँ शामिल होंगे। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोगों के सचिव एवं अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे। इस दौरान स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

# राजस्व विभाग के सर्वे पर बोले कुमारस्वामी- 40 साल पहले खरीदी जमीन अवैध नहीं, मेरे पास सभी दस्तावेज

**बंगलूरू, एजेंसी।**



केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि रामनगर जिले में उनके द्वारा खरीदी गई जमीन अवैध नहीं है और यह जमीन उन्होंने करीब चालीस साल पहले खरीदी थी। उनका यह बयान तब सामने आया, जब राजस्व विभाग के अधिकारियों ने उनकी जमीन का सर्वेक्षण किया। कर्नाटक सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कुमारस्वामी ने दावा किया कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। कुमारस्वामी ने कहा, मैंने करीब चालीस साल पहले जमीन खरीदी थी चालीस में कई बार सर्वे और जांच हुई है। मैं इसको लेकर खुला रहा हूं..चालीस साल तक कोई शिकायतकर्ता नहीं था। अब वे अचानक कैसे सामने आ गए? पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 1986-87 में कांग्रेस नेता सी.एम. लिंगप्पा और जिला पंचायत सदस्य रामचंद्रा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक याचिका दी थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि जमीन को अवैध तरीके से खरीदा गया।

**मेरे पास सभी दस्तावेज, हाईकोर्ट से नहीं मिला कोई नोटिस:** उन्होंने कहा, मेरे पास सभी दस्तावेज हैं। यह सरकार और राज्य के संसाधनों की रक्षा करने का दावा करने वाले (कार्यकर्ता) मेरे खिलाफ हो गए हैं। अभी तक मुझे हाईकोर्ट से कोई नोटिस नहीं मिला है। जब मुझे पता चला कि अधिकारी बिना नोटिस दिए ही मेरी जमीन का सर्वेक्षण करने आ रहे हैं, तो मैंने प्रधान सचिव और उपायुक्त से पूछा, फिर उन्होंने मुझे नोटिस दिया। मैंने सर्वेक्षण की अनुमति दी। मैंने उनसे यह भी कहा कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से सर्वेक्षण करवा सकते हैं।

**सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के सबूत:** केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने जो जमीन खरीदी है, वह अवैध नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के दस्तावेज हैं कि किसने किस तरह के अवैध काम किए हैं और कैसे सरकारी जमीनों पर दूसरों ने अवैध कब्जा किया है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन आज की व्यवस्था में तार्किक हल तक नहीं पहुंचा जा सकता।

**क्या हुआ पूरा मामला:** राजस्व विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को रामनगर जिले के बिदादी होबली के बेथागनहल्ली में कुमारस्वामी की कृषि भूमि का सर्वेक्षण किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि कुमारस्वामी ने 14 एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के आरोपों की जांच के लिए सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

**कुमारस्वामी ने पूछा- कितनी बार जांच होगी:** यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, कुमारस्वामी ने कहा, इसमें कोई शक नहीं है। कितनी बार जांच होगी? मार्च 2023 में लोकायुक्त को एक रिपोर्ट सौंपी गई..उन्होंने आकर सर्वे किया है।

# नकदी के साथ पकड़े गए कश्मीरी युवकों को लखनपुर पुलिस ने किया रिहा, आयकर विभाग जांच में जुटा

**कठुआ, एजेंसी।**



बीते मंगलवार को लखनपुर पुलिस ने रूटीन चेकिंग के दौरान दिल्ली से कश्मीर की तरफ आ रही एक गाड़ी से 3 करोड़ 36 लाख रुपए नकदी के साथ दो कश्मीरी युवकों को गिरफ्तार था। जिन्हें बुधवार को रिहा कर दिया गया है। जबकि केंद्रीय जांच एजेंसियां मुख्य तौर पर आयकर विभाग जांच में जुट गई हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर में जो कश्मीरी युवक नकदी के साथ पकड़े गए थे उसमें एक सुनहार का काम करता है। उसने कहीं से सोना लाकर किसी व्यापारी को बेचा होगा और उसी की पेमेंट लेकर कश्मीर की तरफ जा रहा था। लेकिन हैरानगी की बात है कि अगर वह सुनाहर का बिजनेस करता है तो फिर अपनी निजी गाड़ी की ड्राइवर सीट के नीचे पैसा छुपाने के लिए कैविटी क्यों बनाई और इससे पहले कितनी बार उसने इस प्रकार सोने की तस्करी की है, ऐसे कई सवाल खड़े हो रहे हैं जिसके लिए केंद्र की विभिन्न जांच एजेंसियां सच निकालने में जुट गए हैं। फिलहाल लखनपुर पुलिस ने दोनों युवकों को गाड़ी सहित रहा कर दिया है और अब इसकी जांच आयकर विभाग करेगा।

# खेल मंत्री ने किया बजरंगबली मेला का उद्घाटन

**मंत्री ने कहा कि भगवान तक पहुंचाने के लिए भक्ति ही सरल मार्ग है। भगवान की पूजा अर्चना हमारी संस्कृति की पहचान है।**



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीरपुर /बेगूसराय** ।ऐतिहासिक गांव नौला में 20 फरवरी गुरुवार को 4 दिवसीय बजरंगबली महोत्सव शुरु हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ हनुमानजी के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। पहले ही दिन हजारों हनुमान भक्तों ने पूजा अर्चना की और प्रसाद चढ़ाए। चार दिवसीय मेला का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने किया ।खेल मंत्री ने कहा कि भगवान तक पहुंचाने के लिए भक्ति ही सरल मार्ग है भगवान की पूजा अर्चना हमारी संस्कृति की पहचान है। उन्होंने पूजा अर्चना करके समाज और देश के लिए मंगल कामना कि। आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेल 20 फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगी । मेला में झूला,मीना बाजार और कुश्ती प्रतियोगिता विशेष आकर्षण के केंद्र हैं। खास कर दंगल में कई जिलों के नामी पहलवान भाग ले रहे हैं। यहां चार दिनों तक परम्परागत कुश्ती का आयोजन होगा। मेला समिति के सचिव विजय राय ने कहा कि बजरंगबली महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान है। यह अपने आप में अकेला और विशेष मेला है। महोत्सव के दौरान यहां भक्ति और आस्था देखते ही बनती है। इधर मेला में भक्ति गीत,प्रवचन व विविध धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बन गया है। महिलाओं, बच्चों व युवाओं में मेला को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी संख्या में जिले के बाहर से भी लोग यहां आ रहे हैं। कई लोग मनोवांछित मनोकामना पूर्ण होने पर यहां चढ़ावा लेकर भी आते हैं। बताया जाता है कि आजादी के पूर्व 1934 में इस मेले की शुरुआत हुई थी। उस समय इस क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं से धन-जन की काफी हानि हो रही थी। इन आपदाओं से रक्षा के लिए यहां के पुरोहितों,जमींदारों और स्वतंत्रता सेनानियों ने बजरंगबली महोत्सव आरम्भ की। कहा जाता है कि पूजा शुरू होते ही यह क्षेत्र खुशहाल हो उठा। जिसने भी जो मन्नतें मांगी वह पूर्ण हुई।

तब से हर वर्ष यह मेला नौलागढ़ में आयोजित हो रहा है।

मौके पर भगवानपुर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार, मेला समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चुन चुन कुमार ,चंदन सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

## कस्तूरबा बालिका विद्यालय नावकोठी में एचपीभी से बचाव हेतु किया गया टीकाकरण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**नावकोठी/बेगूसराय** ।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पीएचसी नावकोठी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय में गुरुवार को एचपीभी टीकाकरण का आयोजन किया गया। टीकाकरण का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी गोपाल मिश्रा और स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया।विद्यालय में उपस्थित 64 बच्चियों को एचपीभी का टीकाकरण से प्रतिरक्षित किया गया। इस दौरान मिश्रा ने बताया कि नौ वर्ष से 14 वर्षों की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीकाकरण किया गया है।प्राथमिकता के आधार पर बेगूसराय जिला में अवस्थित कस्तूरबा विद्यालय में टीकाकरण किया जा रहा है।इसके बाद सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के बच्ची को टीकाकरण किया जाएगा।अभी तक जिला के बलिया तथा बरौनी प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों को टीकाकरण किया गया है।नावकोठी प्रखंड के बाद गढ़पुरा प्रखंड के कस्तूरबा बालिका विद्यालय के बच्चियों को टीकाकरण किया गया।

सम्पूर्ण देश में बिहार पहला राज्य है जहां एचपीभी का टीकाकरण निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर बीसीएम उषा कुमारी, वार्डेन रेणुका कुमारी,एस एम सी यूनिसेफ राजेश कुमार,जिला प्रतिरक्षण कार्यालय मनोज कुमार, बीएमसी गोपाल कुमार, बीएमईए संदीप चंद्र, डाटा आपरेटर पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## भागलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपा की बैठक

**राष्ट्र संवाद संवाद**

**नावकोठी/बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सदर पंचायत नावकोठी के सीताराम पुस्तकालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 फरवरी को भागलपुर आगमन की तैयारी को लेकर प्रखंड भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक की गई।इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश महतो ने की।बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया।प्रमुख कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था पर चर्चा की गई । वहीं प्रत्येक पंचायत में एक प्रभारी नियुक्त किया गया है।जो घूम-घूम कर कार्यकर्ताओं को भागलपुर जाने की सूचना देंगे।छोटी बड़ी सभी गाड़ियां



नावकोठी सहित विभिन्न पंचायत से सुबह सात बजे भागलपुर के लिए रवाना होगी। स्थानीय स्तर पर भोजन की भी व्यवस्था की गई है।पंचायत के कार्यकर्ताओं ने बड़ी गाड़ी की जगह छोटी गाड़ी की मांग की है ।क्योंकि बस को सभा स्थल से दूर ही रोक दिया जाता है।जिस कारण कार्यकर्ता समय पर सभा स्थल पर पहुंच नहीं पाते हैं।मौके पर बखरी भाजपा प्रत्याशी राम शंकर पासवान,विश्वनाथ दास,देवेंद्र दास,पूर्व अध्यक्ष मुकेश महतो, महामंत्री कपिल देव पोद्दार,त्रिभुवन पासवान, जयशंकर भारती,अजीत सिंह,मनीष पाठक आदि मौजूद थे।

## ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन सागी शाखा का सम्मेलन आयोजित

### शिक्षा और रोजगार के लिए युवाओं को गोलबंद होने की है जरूरत: अभिनव

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**राजेश कुमार, खोदावंदपुर, बेगूसराय।** आज शिक्षा और रोजगार के लिए युवाओं को गोलबंद होने की जरूरत है. देश एवं प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है, युवाओं को दिग्भ्रमित कर आपस में उलझाया जा रहा है. विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं का भविष्य प्रश्न पत्र लीक कर अंधकारमय कर दिया है. यह बातें ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन बेगूसराय के संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष अभिनव कुमार अकेला ने गुरुवार को कहीं. वे ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन द्वारा सागी शाखा का आयोजित सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज औद्योगिक जिला होने के बावजूद बेगूसराय जिले के नौजवान दूसरे प्रदेशों में टपला खाने को अभिशप्त हो गये हैं. लंबे समय से लगातार संघर्ष के बावजूद बेगूसराय में दिनकर के नाम पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं की जा रही है. संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को अपने भविष्य की बेहतरी के लिए संघर्ष के लिए अपने वैचारिक कतार को बचाने की जरूरत है.देश के अमर क्रांतिकारियों के विचारों और आदर्शों पर चलने वाले एआईवाईएफ से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत बताया. वहीं सागी पंचायत के पूर्व मुखिया उदयचन्द्र झा ने कहा कि एआईवाईएफ का युवाओं के लिए संघर्ष का गौरवशाली इतिहास रहा है, इस इलाके में नौजवानों को संगठित कर संगठन को आम युवाओं तक पहुँचाने की जरूरत है. इस शाखा सम्मेलन में सर्वसम्मति से ग्यारह सदस्यीय शाखा कमिटी गठित किया गया, जिसमें अर्जुन शर्मा को अध्यक्ष, जमशेद को सचिव एवं साकिब को सह सचिव बनाया गया. इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद जमशेद ने किया. मौके पर नंदलाल महतो, अशर्फी पासवान, राजकुमार पासवान, मोहम्मद सितारे, नवनीत कुमार, रोहित कुमार, अरबाज, अफजल, नीतीश कुमार, विवेक कुमार आदि ने भी अपने विचार रखें.

## बेगूसराय की रिया का भारतीय कबड्डी टीम कैंप में सिलेक्शन।

**(राष्ट्र संवाद ब्यूरो )अशोक कुमारठाकुर**

ईरान में आयोजित एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बिहार एक मात्र खिलाड़ी रिया का चयन भारतीय टीम में किया गया है। यह जानकारी देते हुए बेगूसराय जिला कबड्डी संघ के सचिव सरोज कुमार ने बताया कि बिहार की एक मात्र महिला कबड्डी खिलाड़ी बेगूसराय बीहट जागीर टोला निवासी सिकंदर सिंह की पुत्री रिया कुमारी का चयन भारतीय कबड्डी टीम प्रशिक्षण शिविर में किया गया है। रिया कुमारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में कार्यरत हैं। चैयर मैन श्यामनन्दन सिंह पन्नालाल ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर आगामी 5 से नौ मार्च तक ईरान में आयोजित एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम के लिए लगाया गया है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत के भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर में शुरू हो चुका है। विदित हो कि रिया का चयन करनाल हरियाणा में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप में किए गए बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। रिया कुमारी साई सेंटर सोनीपत में पहले से ही ट्रेनिंग ले रही हैं। रिया की इस शानदार उपलब्धि पर बिहार राज्य कबड्डी संघ के संरक्षक सह मुख्यमंत्री बिहार सरकार के सलाहकार अंजनी कुमार सिंह, संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह, अध्यक्ष अपूर्वा सुकांत, सचिव विपुल कुमार सिंह, चांदनी कुमारी, प्रधान संरक्षक उपेंद्र प्रसाद सिंह, अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, संरक्षक डॉक्टर सोनू शंकर, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## एयर एलेवन फरछीवन टीम ने 02 विकेट से विजयता शील्ड पर जमाया कब्जा

**राष्ट्र संवाद**

**मंसुरचक (बेगूसराय)** प्रखंड के सावित्री मध्य विद्यालय फरछीवन खेल मैदान में गुरुवार के दिन शहीद एसएसबी मेमोरियल क्रिकेट कप टूर्नामेंट का फाईनल मैच फरछीवन एवं तेघड़ा के बीच खेला गया।जिसमें तेघड़ा की टीम ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।निर्धारित बीस ओभर में नौ विकेट पर 188 रन बनाया । जबाब में फरछीवन की टीम ने 19 ओभर 3 गेंद 8 विकेट पर 194 रन बनाया ।इस तरह फरछीवन टीम ने 2 विकेट से विजय घोषित हुआ।मैच समापन के बाद एक समारोह का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुधीर कुमार राय मुन्ना ने किया । समारोह को मुख्य अतिथि बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र कुमार मेहता , विशिष्ट अतिथि ने विजयता, उपविजयता टीम को शिल्ड देकर पुरस्कृत किया।मौके पर मनमोहन महतों, मनोज कुमार गुप्ता,सरोज कुमार चौधरी अन्य उपस्थित थें।



## सी.सी.टी.वी.अधिष्ठापन के बाद आपराधिक वारदात के नियंत्रण में पुलिस को मदद मिलेगा: जिला पदाधिकारी बेगूसराय

**(राष्ट्र संवाद ब्यूरो) अशोक कुमार ठाकुर**

जिला पदाधिकारी बेगूसराय, श्री तुषार सिंगला द्वारा बेगूसराय नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक-चौराहों एवं स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित सी0सी0टी0वी0 कैमरा का अधिष्ठापन एवं रख-रखाव का कार्यारंभ बेगूसराय समाहरणालय के समीप कैन्टीन चौक से किया गया। कार्यक्रम में माननीय महापौर नगर निगम बेगूसराय, नगर आयुक्त सत्येन्द्र कुमार सिंह, उप महापौर अनिता देवी, पूर्व महापौर संजय कुमार, नगर प्रबंधक राजीव रंजन सिंह सहित कई गणमान्य एवं अन्य लोग मौजूद थे।

बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 317 कैमरे का अधिष्ठापन करना है जिसमें 6 मेगापिक्सल का 285 बुलेट कैमरा एवं 4 मेगापिक्सल का पॉइंट जेड कैमरा का अधिष्ठापन किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरे का कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तीन स्थान पर यथा जिलाधिकारी कार्यालय, नगर निगम कार्यालय , पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बनाया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि एक माह पूर्व माननीय मुख्यमंत्री बिहार, श्री नीतीश कुमार द्वारा बेगूसराय जिला भ्रमण के क्रम में इस कार्य योजना का शिलान्यास किया गया था। जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सी0सी0टी0वी0 अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है। सी0सी0टी0वी0 अधिष्ठापन के बाद पूरे शहरी इलाकों में आपराधिक वारदात के नियंत्रण में पुलिस को मदद मिलेगा। इसके अलावा हमारे धार्मिक पर्व दुर्गा पूजा, दीपावली, होली आदि में भी विधि-व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को मोनेटरिंग में सी0सी0टी0वी0 अधिष्ठापन के बाद इससे मदद मिलेगा। बेगूसराय को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए यह एक पहला कदम है। आने वाले दिनों में ट्राफिक सिस्टम एवं सौन्दर्यीकरण कार्य भी नगर निगम के प्रस्तावित कार्यों में शामिल है। उन्होंने महापौर एवं नगर आयुक्त नगर निगम को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर महापौर पिंकी देवी ने कहा आज हम सभी मिलकर बेगूसराय नगर निगम के लिए स्वर्णिम समय का आरंभ कर रहे हैं।

## ग्राम कचहरी में अब ई पोर्टल के माध्यम से लिए जाएंगे आवेदन

### दिया गया प्रशिक्षण जिला पंचायत संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण में शामिल सदर प्रखंड के प्रतिभागी



**(राष्ट्र संवाद ब्यूरो) अशोक कुमार ठाकुर**

बेगूसराय जिला पंचायत संसाधन केंद्र में बिहार सरकार पंचायती राज विभाग के आदेशानुसार 20 फरवरी गुरुवार से एक दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। पंचायत की ग्राम कचहरी, ई पोर्टल एवं नई संशोधित भारतीय न्याय संहिता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ किया गया। इसमें बेगूसराय सदर प्रखंड के सरपंच, उप सरपंच, न्याय सचिव, न्याय मित्र, कार्यपालक सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर ने भाग लिया। प्रशिक्षक अशोक कुमार ठाकुर द्वारा बताया गया कि सरकार के आदेशानुसार जिले की सभी ग्राम कचहरी के सरपंच, उप सरपंच, न्याय सचिव, न्याय मित्र, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यपालक सहायक को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके तहत यह प्रशिक्षण आरंभ किया गया है। सभी को पंचायत की ग्राम कचहरी, ई पोर्टल की जानकारी दी गई। कैसे पोर्टल को खोलेंगे, उसके बाद आवेदन को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया बताई गई। आवेदक का मोबाइल नंबर देना आवश्यक है तभी ओटीपी आएगा। यदि आवेदक ओटीपी बताता है तो आवेदन रजिस्टर्ड होगा। पोर्टल खोलने के बाद रजिस्ट्रेशन फॉर्म की प्रक्रिया आरंभ हो जाती है। इसके बाद आवेदक का नाम, पिता का नाम, उम्र, लिंग, मोबाइल नंबर डालने के बाद आवेदन संबंधित विषय डाले जाते हें । बेगूसराय सदर बी पी आरओ एवं न्याय मित्र अशोक कुमार ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बेगूसराय सदर प्रखंड के सभी पंचायतों से आए सरपंच, उप सरपंच, न्याय सचिव, न्याय मित्र एंव कार्यपालक सहायक आदि ने भाग लिया। कुछ लोगों ने ओटीपी नहीं आने की भी शिकायत की। बताया गया कि तकनीकी कारणों से कभी कभार ऐसा हो सकता है।




# सीजन के अंत में संन्यास लेंगे एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर ऑस्कर डी मार्कोस

**मैड्रिड, एजेंसी।** एथलेटिक क्लब बिलबाओ के अनुभवी डिफेंडर ऑस्कर डी मार्कोस ने बुधवार को घोषणा की कि वह मौजूदा सीजन के अंत में फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। अप्रैल में 36 साल के होने जा रहे डी मार्कोस इस समय क्लब के साथ अपने 16वें सीजन में खेल रहे हैं।

पिछले रविवार को एस्पेनयोल के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 560वीं बार क्लब के लिए मैदान पर उतरकर खुद को एथलेटिक के इतिहास में दूसरा सबसे ज्यादा मैच खेलने वाला खिलाड़ी बना लिया। इस सूची में वह इकर मुनिएन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जोसे एंजेल इरिबार (614 मैच) इस सूची में शीर्ष पर हैं।



**जनवरी में कर लिया था फैसला:** डी मार्कोस ने क्लब के लेज़ामा प्रशिक्षण मैदान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि उन्होंने जनवरी की शुरुआत में कोच अर्नेस्टो वाल्वरडे को अपने संन्यास के फैसले की जानकारी दे दी थी। उन्होंने कहा, यह फैसला पहले से ही मेरे मन में था, लेकिन बीच-बीच में मैंने जारी रखने के बारे में भी सोचा। हालांकि, इस बार मुझे पूरा यकीन था कि यही सही समय है।

**शानदार करियर का समापन:** इस सीजन में डी मार्कोस ने ला लीगा में 19 और यूरोपा लीग में छह मुकाबले खेले हैं। उनकी टीम एथलेटिक बिलबाओ इस समय ला लीगा में चौथे स्थान पर बनी हुई है और यूरोपा लीग के अंतिम-16 में भी जगह बना चुकी है। डी मार्कोस ने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सही समय है। मैंने यह देखने के लिए इंतजार किया कि मेरा शरीर क्या कहता है, और इसने मुझे संकेत दिया कि अब समय आ गया है। मैं चाहता था कि जब तक खेलूं, तब तक उपयोगी बना रहूं, और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर पाया।

**अलग-अलग भूमिकाओं में चमका करियर:** ऑस्कर डी मार्कोस ने अपने करियर की शुरुआत एक फॉरवर्ड के रूप में की थी। अपने 16 साल के करियर में वह विंगर और अटैकिंग मिडफील्डर के रूप में भी खेले, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने राइट बैक की भूमिका निभाई।

# जसपाल और मनु भाकर का गोल्डन रिश्ता टूटेगा नहीं, ओलंपिक के बाद अब वर्ल्ड चैंपियनशिप पर निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला शूटर मनु भाकर ने जसपाल राणा को लेकर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने साफ किया है कि भारतीय कोच के साथ वो जुड़ी रहेंगी. जसपाल राणा को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ की ओर से पिस्टल शूटिंग के लिए हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किए जाने के बावजूद दोनों का 'गोल्डन रिश्ता' नहीं टूटेगा. वो मनु के कोच बने रहेंगे. बता दें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड जीतने वाले जसपाल राणा और मनु के बीच टोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे. लेकिन इन सभी मतभेदों को भुलाकर दोनों पेरिस ओलंपिक के लिए फिर से जुड़े थे. इसके बाद दोनों की जोड़ी ने मिलकर इतिहास रच दिया था.

मनु भाकर का मानना है कि जसपाल राणा के गाइडेंस के बिना उन्हें सफलता नहीं मिल पाती. हन्रद्ध में मिले नए रोल के बावजूद वो उन्हें अपना मेंटॉर मानती हैं. मनु ने कहा 'मैं इतना ही कहूंगी कि वो मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं. वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिए बहुत ही शानदार कोच रहे हैं. जाहिर है कि वो किसी के भी कोच हो सकते हैं लेकिन मेरे लिए वो मेरे कोच हैं.'

**वर्ल्ड चैंपियनशिप पर निशाना:** मनु भाकर पिछले कुछ समय से एल्बो इंजरी से जूझ रही थीं. इस चोट से रिकवर करने के लिए उन्होंने लंबा ब्रेक लिया था और हर तरह की प्रतियोगिता से दूर थीं. लेकिन अब उन्होंने वापसी कर ली है. दोबारा वापसी करने के बाद नेशनल ट्रायल्स के दौरान वो रिदम सांगवान के बाद दूसरे नंबर पर रही थीं. पेरिस ओलंपिक के बाद उनका अगला निशाना वर्ल्ड चैंपियनशिप है. मनु भाकर अप्रैल में होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी. वहीं जून में घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए उतरेंगी. इसके बाद म्यूनिख में होने वाले एक और वर्ल्ड कप में अपनी दावेदारी पेश करेंगी. लेकिन उनका मुख्य लक्ष्य कैरो में होने वाला वर्ल्ड चैंपियनशिप है. मनु ने भविष्य की प्लानिंग को लेकर कहा 'हम अप्रैल में वर्ल्ड कप में जाएंगे और उसके बाद जून में घरेलू प्रतियोगिताएं हैं. म्युनिख में फिर वर्ल्ड कप और अक्टूबर-नवंबर में वर्ल्ड चैंपियनशिप है.।

## 44 साल की उम्र में वीनस विलियम्स की कोर्ट पर वापसी, इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है।

वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था। उनके नाम पर विंबलडन में पांच और अमेरिकी ओपन में दो एकल खिताब दर्ज हैं। वीनस ने इसके साथ ही अपनी छोटी बहन सेरेना के साथ मिलकर 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीते हैं। जिन अन्य खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है उनमें दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा भी शामिल हैं जो अपने पहले बच्चे को जन्म देने के कारण 15 महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं।

## पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका, फखर जमां टूर्नामेंट से बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का आगाज अच्छा नहीं रहा. पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया. वहीं, अब पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है. दरअसल, पाकिस्तान के ओपनर फखर जमां टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फखर जमां चैंपियंस ट्रॉफी के बाकी बचे मैचों में खेल नहीं पाएंगे. भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान को लगा तगड़ा झटका इससे पहले गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ फखर जमां चोट का शिकार हो गए थे. पाकिस्तानी ओपनर को चोट फील्डिंग के दौरान लगी थी. बहरहाल, अब भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले फखर जमां का बाहर होना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. फखर जमां टूर्नामेंट के आगामी मैचों में नजर नहीं आएंगे. इसके अलावा वह पाकिस्तानी टीम के साथ दुबई नहीं जाएंगे. दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला दुबई में 23 फरवरी को खेला जाएगा.

## रेफरी को अपशब्द कहने पर जूड बेलिंगहैम पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध

मैड्रिड, एजेंसी। स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने रियल मैड्रिड के इंग्लिश मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया है। यह कार्रवाई उन्हें ओसासुना के खिलाफ पिछले शनिवार को खेले गए मैच में लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद की गई है। मैच के पहले हाफ में रेफरी जोस लुइस मुनुएरा मोंटेरो ने बेलिंगहैम को अपशब्द कहने के आरोप में बाहर भेज दिया था। हालांकि, आरएफईएफ ने बेलिंगहैम को रेफरी के प्रति अनादर का दोषी पाया है, जिसके चलते उन्हें दो मैचों के लिए निलंबित किया गया। यदि उन्हें रेफरी का अपमान करने का दोषी माना जाता, तो उनका प्रतिबंध 4 से 12 मैचों तक बढ़ सकता था। इस फैसले के बाद रेफरी मुनुएरा को सोशल मीडिया पर धमकियों और अभद्र टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है।



## श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर हुई न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की गंभीर चोट के कारण शेष सत्र से बाहर हो गई हैं। इसका मतलब है कि वह श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड के दौरान बाएं घुटने में मेनिस्कस की चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उनकी रिकवरी में करीब 12 सप्ताह लगने की उम्मीद है। मुख्य कोच बेन सॉयर ने इस पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, यह मौली के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर रोज़ बाउल श्रृंखला में उनके प्रभावी प्रदर्शन के बाद। हालांकि, सकारात्मक बात यह है कि वह शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम तक फिट हो सकती हैं। पेनफोल्ड ने अब तक 14 वनडे में 9 और 10 टी20 मुकाबलों में 7 विकेट लिए हैं। पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेसिन रिज़र्व में उन्होंने 42 रन देकर 4 विकेट झटके थे, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाते हुए सैकड़ों अपमानजनक संदेश भेजे गए, जिससे मजबूर होकर उन्होंने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल बंद कर दी हैं। रियल मैड्रिड बेलिंगहैम के प्रतिबंध के खिलाफ अपील कर सकता है। अगर प्रतिबंध बरकरार रहता है, तो बेलिंगहैम शनिवार को गिरोना और अगले हफ्ते बेटिस के खिलाफ होने वाले मैचों में नहीं खेल

**सोफी डिवाइन भी श्रीलंका के खिलाफ नहीं खेलेंगी:** न्यूजीलैंड को श्रीलंका के खिलाफ अपने स्टार खिलाड़ी सोफी डिवाइन के बिना भी उतरना होगा। डिवाइन ने खेल से ब्रेक ले रखा है और उनकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उपलब्धता को लेकर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। न्यूजीलैंड अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगा, जिसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मुकाबलों में हिस्सा लेगा। डब्ल्यूपीएल छोड़कर श्रीलंका लौटेंगी अथापथु, अमेलिया केर भारत में ही रहेंगी. श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु अपनी राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को जल्द छोड़ देंगी। हालांकि, न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया केर भारत में ही बनी रहेंगी।

# कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज दुबई टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर, सबालेंका बाहर







**दुबई, एजेंसी।** अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर दोहा में जारी कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका दुबई टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

स्पेन के 21 वर्षीय अल्काराज दूसरे सेट में एक समय 4-1 से आगे था लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया।

चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने ज़ज़िो बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 7-6 (4), 6-7 (6), 6-4 से हराया। बेरेटिनी ने पिछले दौर में नोवाक जोकोविच को हराया था।

सबालेंका बाहर, स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में

वहीं, दुबई टेनिस टूर्नामेंट में डेनमार्क की क्लारा टौसन ने सबालेंका को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना लिंडा नोस्कोवा से होगा। चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6 (8) से हराया। स्वियातेक ने दयाना यास्त्रेम्स्का को 7-5, 6-0 से शिकस्त दी। उनका अगला मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा, जिन्होंने पीटन स्टर्न को 6-1, 6-1 से हराया। मौजूदा चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें सोफिया केनिन ने 6-4, 6-0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में केनिन का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा। रयबाकिना ने नौवीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 4-6, 7-6 (8), 7-6 (2) से हराया। सोराना क्रिस्टिया ने एम्मा नवारो को 7-6 (5), 3-6, 7-5 से पराजित किया। रोमानिया की खिलाड़ी का अगला मुकाबला कैरोलिना मुचोवा से होगा, जिन्होंने पहले मेकार्टनी केसलर को 6-3, 1-6, 7-6 (5) से हराया। इस दौरान उन्होंने क्लब के लिए 39 गोल भी किए। डी मार्कोस न केवल अपने खेल के लिए बल्कि मानवीय कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं।

# मुझे अक्सर संदेह होता था कि मैं फिर से खेल पाऊंगा या नहीं:शमी

**दुबई, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि 2023 में टखने की चोट से पीड़ित होने के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी कितनी कठिन रही है और उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा भी हुआ जब उन्हें लगा कि उन्हें देश के लिए फिर से खेलने का मौका कभी नहीं मिलेगा। शमी को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहे। वह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की हार के बाद से देश के लिए नहीं खेले थे, जहां तेज गेंदबाज टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शमी ने इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल के पांचवें दौर के मैच के माध्यम से पेशेवर क्रिकेट में सफल वापसी की, जहां उन्होंने अपनी टीम की जीत में सात विकेट लिए।



उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में बंगाल की गेंदबाजी का नेतृत्व भी किया, जिसमें 11 मैचों में 7.85 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट चटकाए, जिसमें हैदराबाद के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ 3-21 रहा।

हालांकि, चोट के फिर से उभरने के कारण पेसर पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ से बाहर हो गए। लेकिन, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए चार व्हाइट-बॉल मुकाबलों में भाग लेकर सफल वापसी की। अब वह गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में देश के लिए खेलते हुए अपनी वापसी को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में होने से लेकर अचानक खुद को ऑपरेटिंग टेबल पर पाना और फिर चोटिल होना वाकई बहुत कठिन था। शमी ने आईसीसी से कहा, डॉक्टर से मेरा पहला सवाल था मुझे मैदान पर वापस आने में कितने दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता आपको चलाना, फिर जॉगिंग और फिर दौड़ना सिखाना है और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में सोचना अभी भी एक दूर का लक्ष्य है।मैं हमेशा सोचता था कि मैं कब फिर से अपने पैर जमीन पर रख पाऊंगा, जो व्यक्ति लगातार मैदान पर दौड़ने का आदी है, वह अब बैसाखी पर है। मेरे दिमाग में बहुत सारे विचार आते थे। क्या मैं फिर से ऐसा कर पाऊंगा? क्या मैं बिना लंगड़ाए चल पाऊंगा।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893